* ओड़िशा संस्करण

20 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 91

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में
HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

राम मंदिर

प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
02 दिन शेष

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING
ANM GNM
POST BASIC B.SC.
BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS DMLT ECG
X-RAY OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

रामलला की पहली तस्वीर सामने आयी

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। गर्भगृह से रामलला की नयी तस्वीर सामने आयी है। इस तस्वीर में उनके पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाये बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। तस्वीर में उनके चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेनेवाली मुस्कान देखी जा सकती है। रामलला की यह मूर्ति कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनायी है। रामलला की मूर्ति श्याम शिला से बनी है। पैर की अंगुली से ललाट तक मूर्ति की ऊंचाई 51 इंच है। मूर्ति का वजन 150 से 200 किलो है। रामलला की मूर्ति के पार्श्व भाग में शिला पर आकृतियां उकेरी गयी हैं। सामने से मूर्ति को देखें तो बायीं तरफ ओम की आकृति उकेरी नजर आती है। वहीं, दायीं तरफ स्वास्तिक, शंख और चक्र बने नजर आते हैं। शिला का पार्श्व भाग दोनों तरफ से जहां से शुरू होता हैं, वहां कुछ और प्रतिमाएं उकेरी हुई दिखती हैं। माना जा रहा है कि शिला के पार्श्व भाग में नीचे की ओर एक तरफ हनुमान जी और दूसरी तरफ गरुड़ भगवान की प्रतिमा बनायी गयी है। अयोध्या के रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को दो प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इनमें से एक तो 200 किलो की श्याम वर्ण प्रतिमा है। दूसरी प्रतिमा 10 किलो चांदी की होगी, इसे 17 जनवरी को परिसर में भ्रमण कराया गया था।

इडी के खिलाफ सड़कों पर उतरे आदिवासी संगठन

ढोल-नगाड़ों के साथ दिया राजभवन के समक्ष धरना

- मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई से नाराज हैं आदिवासी संगठन
- सरना समिति के अध्यक्ष बोले, यहां तीर धनुष चल सकते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा बार-बार समन भेजने के खिलाफ झारखंड के कई आदिवासी संगठन शुक्रवार को सड़कों पर उतरे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के नेतृत्व में मोरहाबादी में प्रदर्शनकारी जुटे।

इसके बाद सभी ने पारंपरिक ढोल-नगाड़े के साथ राजभवन की ओर कूच किया और वहां धरना दिया। आदिवासी संगठनों में मुख्यमंत्री को इडी द्वारा लगातार समन भेजे जाने से नाराजगी है। उन्होंने इडी पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जानबूझ कर राज्य सरकार को परेशान किया जा रहा है। जो सरकार जनता के लिए काम कर रही है, उसे गिराने की साजिश रची जा रही है। हम इस साजिश का पुरजोर विरोध करेंगे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शनिवार को जब सीएम हेमंत सोरेन से इडी पूछताछ करेगी, तब भी वे सीएम आवास के पास जुटेंगे। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि पूरी तैयारी है। हम लोग मुख्यमंत्री से पूछताछ का विरोध करेंगे। बंगाल में ईंट-पत्थर चला है। अगर जरूरत पड़ी तो झारखंड में तीर-धनुष चलेगा। उन्होंने कहा कि इडी इस तरह से काम कर रही है, जैसे केंद्र सरकार का ठेका ले रखी है। इडी वहीं काम करती है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है।

मुख्यमंत्री से आज होगी पूछताछ

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ने इडी को पूछताछ के लिए 20 जनवरी का समय दिया है। इडी के सात समन के बाद आठवें समन (पत्र) पर उन्होंने अपने आवास में पूछताछ करने के लिए इडी अधिकारियों को बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकारी शुनिवार को दोपहर 12 बजे सीएम आवास पहुंचेंगे। उधर, प्रशासन ने विधि-व्यवस्था नहीं बिगड़े इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इडी इस संबंध में मुख्य सचिव और डीजीपी को पहले ही पत्र लिख चुकी है। मुख्यमंत्री आवास और इडी ऑफिस के कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।

साहिबगंज डीसी नहीं पहुंचे इडी कार्यालय

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को इडी ने शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। वह इडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इडी ने 3 जनवरी को छापेमारी के बाद उन्हें 17 जनवरी को समन भेजा गया था। उनसे साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में पूछताछ होनी है। सूत्रों के मुताबिक इडी उन्हें सख्त हिदायत के साथ एक बार फिर समन भेजने की तैयारी में है।

न्यूज रील्स

पीएम आवास योजना कार्यक्रम में भावुक हुए मोदी

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में अटल अभियान (अमृत 2.0) के तहत 1201 करोड़ रुपये की सात परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ लोगों को घर की चाबी भी सौंपी। पीएम इस दौरान भावुक हो गये। उन्होंने कहा कि काश मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। वह भाषण देते-देते कुछ देर के लिए खामोश रहे।

राहुल गांधी ने ब्रह्मपुत्र में बोट से सफर किया

माजुली। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुक्रवार को छठा दिन था। यात्रा असम में ही आगे बढ़ेगी। राहुल गांधी ब्रह्मपुत्र नदी में बोट में बैठे। वे दुनिया के सबसे बड़े नदी द्वीप माजुली पहुंचे। यहां कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री बौखलाये हुए हैं, भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कोई नहीं रोक सकता। हमने कोई नियम नहीं तोड़ा।

लालू और तेजस्वी को इडी का समन

पटना।इडी ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में मनी लांड्रिंग संबंधी पूछताछ के लिए राजद नेता लालू प्रसाद और उनके बेटे बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया है। लालू को 29 और तेजस्वी को 30 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इडी की टीम शुक्रवार को राबड़ी आवास पहुंची। एक अधिकारी की ओर समन दिया गया।

धनबाद में कोयला कारोबारियों पर आयकर छापा का तीसरा दिन

300 करोड़ के अवैध निवेश के सबूत मिले

- तीन करोड़ से अधिक नकद पहले ही मिल चुका
- विभाग टैक्स चोरी के आकलन में जुटा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद में कोयला कारोबिरियों के यहां आयकर ने बुधवार को छापेमारी की थी। आयकर की कार्रवाई तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। आयकर की टीम ने कोयला कारोबारी अनिल गोयल और दीपक पोद्दार के कई ठिकानों पर शुक्रवार को भी कागजातों को खंगालना जारी रखा। सूत्रों के मुताबिक टीम को 300 करोड़ के अवैध निवेश के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं, जिसमें 200 करोड़ दीपक पोद्दार और 100 करोड़ अनिल गोयल ने किया है। टीम को छापेमारी के दौरान पहले ही तीन करोड़ रुपये नकदी मिल चुके हैं। साथ ही 18 से 20 करोड़ रुपये के जेवरात भी मिले हैं। इसके अलावा कई बैंक लॉकर की भी जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक आयकर की टीम ने अब तक दोनों कारोबारियों के एक दर्जन से अधिक बैंक लॉकर को सील किया है। छापेमारी पूरी होने के बाद ही लॉकर खोला जायेगा। दोनों कारोबारियों के सभी बैंक खातों को भी सीज कर दिया गया है। छापेमारी के बाद टैक्स चोरी का आकलन किया जायेगा। इस बीच शेल कंपनियों के बारे में आयकर विभाग की टीम पता लगाने की कोशिश कर रही है।

कार्यशैली: सरकारी कर्मी की गिरफ्तारी का आदेश दबा रखी है पुलिस

न्याय की आस में बैठी है आदिवासी महिला

- थाना में एफआइआर है दर्ज, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

स्वरूप भट्टाचार्य

बुंडू। वाह रे पुलिस! कार्यशैली का जवाब नहीं। एक आदिवासी महिला की मदद के लिए भी तैयार नहीं है। विधवा आदिवासी महिला अपने मान-सम्मान और न्याय की आस लिये बैठी है। आरोपी के खिलाफ थाने में बीते साल अगस्त से एफआइआर दर्ज है। गिरफ्तारी का आदेश है। पुलिस मामले में टालमटोल कर रही है।

आरोपी सोनाहातू और राहे प्रखंड में एजीएम है: मामला सोनाहातू के बुंडू का है। एक सरकारी कर्मी ने आदिवासी विधवा महिला के घर में घुसकर गलीगलौज किया। जाति सूचक शब्दों के साथ अपमानित किया गया। इतना ही नहीं छेड़खानी भी की। ये तमाम बातें एफआइआर की कॉपी में दर्ज हैं, लेकिन पुलिस मामले को दबा कर रखी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनाहातू प्रखंड कार्यालय में विष्णु प्रसाद खंडित एसिसटेंट प्रखंड मैनेजर (एजीएम) के पद पर कार्यरत हैं। वह सोनाहातू के साथ ही राहे प्रखंड के प्रभार में हैं। खंडित को गिरफ्तार करने का आदेश है। बुंडू पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है।

एसटीएससी थाना में दर्ज है मामला: आरोपी के खिलाफ एससी एसटी थाना रांची कांड संख्या 62/2023 में बुंडू के ही एक आदिवासी विधवा महिला स्व. जयदेव मुंडा की पत्नी यमुना देवी ने मामला दर्ज कराया है। इसमें बुंडू के नीलगिरी टोली के विष्णु प्रसाद खंडित, प्रदीप नारायण खंडित और विपुल खंडित पर आरोप है। महिला ने उन पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने, घर में तोड़फोड़ करने, जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने, छेड़खानी करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। इसके तहत धारा 323, 354, 427, 452, 504, 506, 34 भादवि तथा 3(1)(जी)(एस) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अनुसंधानकर्ता ने मामले को दबा रखा है

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी का आदेश होने पर भी कांड के अनुसंधानकर्ता एसआइ दीपक सिंह ने उसे अपने पास दबा कर रखा है। इस संबंध में बुंडू डीएसपी किसटोफर केरकेट्टा ने बताया कि मामले के सत्यापन होने के बाद बुंडू पुलिस को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है। अब तक क्यों गिरफ्तार नहीं किया गया, इसकी जानकारी नहीं है। बुंडू थानेदार संजीव कुमार से इस संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि अनुसंधानकर्ता बुंडू थाना के एसआइ दीपक सिंह हैं। दीपक सिंह से जब इस बारे में 'आजाद सिपाही' संवाददाता ने पूछा कि आरोपी को क्यों गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है, तो उन्होंने चुप्पी साध ली।

हेमंत सरकार के चार साल: ग्रामीण क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे कदम

अबुआ आवास के लिए 31 लाख आवेदन, 29.97 लाख का सत्यापन

- ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने चार सालों की उपलब्धियां गिनायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग अबुआ आवास निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में लगातार तेजी ला रहा है। योजना में अब तक ग्रामीणों से कच्चा मकान को पक्का करने के लिए 31 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। उसमें से 29.97 लाख आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। उसमें से लगभग एक लाख आवेदन डुप्लिकेट मिले हैं। चंद्रशेखर शुक्रवार को सूचना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विभाग की चार चाल की उपलब्धियों को बता रहे थे।

चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग बंजर भूमि पर कांटा रहित कैक्टस के पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह पशु चारा के साथ वेगन लेदर निर्माण में भी काम आयेगा। उन्होंने कहा कि चार वर्ष के भीतर मनरेगा के तहत अब तक 4135 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 911.49 लाख मानव दिवस सृजन करते हुए कुल 2962.40 करोड़ रुपये की राशि का व्यय की जा चुकी है। वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। मनरेगा की 23.73 लाख योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है तथा 6.85 लाख योजनाओं पर कार्य जारी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी अब तक कुल 6.26 लाख योजना पूर्ण की जा चुकी है। मानव दिवस सृजन में महिलाओ की भागीदारी का प्रतिशत 47.87 है।

(शेष पेज-4 पर)



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,400 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in

श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला : 9

भगवा सियासत के सबसे बड़े शिल्पकार योगी आदित्यनाथ

■ राम मंदिर के सपने को साकार करने में निभा रहे हैं सबसे बड़ी भूमिका

■ हिंदुत्व को राजनीति की अवधारणा में बखूबी पिरोया है आदित्यनाथ ने

आजाद सिपाही विशेष

आज पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा कर रहा है। ऐसे माहौल में उन तमाम विभूतियों को भी याद किया जा रहा है, जिन्होंने करोड़ों सनातनियों के पांच शताब्दी के निरंतर संघर्ष को इस मुकाम तक पहुंचाया है। चाहे वह केके नायर हों या जस्टिस देवकी नंदन अग्रवाल, महंत अवैद्यनाथ हों या स्वामी रामभद्राचार्य, कल्याण सिंह हों या कोई अन्य, मंदिर आंदोलन को एक लक्ष्य तक पहुंचाने में सभी ने भूमिका निभायी। लेकिन यह सूची तब तक अधूरी ही रह जायेगी, जब तक उसमें योगी आदित्यनाथ का नाम नहीं जोड़ा जायेगा। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के मंदिर के निर्माण के लिए यदि किसी एक व्यक्ति ने रात-दिन एक कर दिया, तो वह योगी आदित्यनाथ ही हैं। देश के सबसे बड़े प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने राजनीतिक कर्तव्यों को बखूबी पूरा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या के चतुर्दिक विकास का जो खाका तैयार किया, उसकी गवाही इतिहास तो देगा ही, वर्तमान में वह सनातनियों के सबसे बड़े चेहरे बन गये हैं। वास्तव में योगी आदित्यनाथ को भगवा राजनीति का सबसे बड़ा शिल्पकार कहना ही उचित होगा, क्योंकि उन्होंने जिस तरह हिंदुत्व को राजनीति की अवधारणा में स्थापित किया है, उससे उनकी अंतर्दृष्टि तो सामने आती ही है, सनातन के प्रति उनका संकल्प उन्हें एक सिद्ध योगी भी बनाता है। राम मंदिर के निर्माण में उन्होंने जो कुछ किया, उसकी तारीफ में इतना ही कहा जा सकता है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने आध्यात्मिक गुरु महंत अवैद्यनाथ के संकल्प को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया। योगी आदित्यनाथ वैसे तो किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, लेकिन राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर उनके व्यक्तित्व के कुछ अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाल रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हो चुका है। पूरी दुनिया उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रही है, जब पांच सौ साल बाद रामलला अपने घर में विराजेंगे। इस पुनीत क्षण को संभव बनाने में यदि साधु-संतों और धर्माचार्यों के साथ कारसेवकों ने त्याग किया, तो उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सपने को साकार करने में शायद सबसे बड़ी भूमिका निभायी है। पिछले सात साल से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे योगी आदित्यनाथ आज भगवा सियासत के सबसे बड़े शिल्पकार माने जाते हैं। तमाम राजनीतिक मजबूरियों के बावजूद योगी आदित्यनाथ ने अपनी हिंदुत्ववादी छवि से कभी समझौता नहीं किया है। योगी हिंदुत्व की सिर्फ बात ही नहीं करते, बल्कि हिंदुत्व को जीते हैं। उनका हिंदुत्व कैसा है और उससे कौन सहमत है या असहमत है, यह अलग मुद्दा है। पर सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में भगवा सियासत की धारा को तेज धार मिली है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

आज जब अयोध्या में राम मंदिर का सपना साकार होने जा रहा है, यह जानना जरूरी है कि योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ अयोध्या-मथुरा-काशी पर ही फोकस किया, बल्कि भव्य राम मंदिर के लिए खजाना भी खोला और अयोध्या को देश के सांस्कृतिक- आध्यात्मिक पुनर्जागरण का केंद्र बनाने के लिए योजनाएं भी बनायीं, उन्हें लागू भी कराया और अपने राजनीतिक सफर पर भी पूरा ध्यान दिया। योगी ने लव जिहाद से लेकर एंटी सीएए आंदोलनकारियों से निपटने के लिए कड़ाई से एक्शन लिया, जिसे हिंदुत्व के एजेंडे से जोड़ कर देख जा रहा है। इतना ही नहीं, उनकी हिंदुत्व की राजनीति की राह पर हिंदी पट्टी के लगभग सभी राज्य चल पड़े हैं, जहां भाजपा लगातार विजय पताका फहरा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम की कुर्सी संभालने के बाद अपने फैसलों से भाजपा में अपनी मजबूत जगह बनायी है। पीएम नरेंद्र मोदी के बाद सबसे ज्यादा प्रभाव अगर उत्तर भारत के हिंदू समुदाय पर किसी का है, तो वह सीएम योगी आदित्यनाथ ही हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सीएम बनने के बाद कुछ वर्षों में अपने हिंदुत्व के एजेंडे को अमली जामा पहना कर हासिल की है। संघ परिवार और भाजपा का मूल एजेंडा हिंदुत्व रहा है और उसमें बड़ी सफलता पहले लालकृष्ण आडवाणी को मिली, तो बाद में नरेंद्र मोदी को। वहीं, अब इस मामले में योगी भाजपा में इन दोनों शीर्ष नेताओं के बाद अपनी जगह बनाने में सफल हुए हैं।

अयोध्या-मथुरा-काशी पर मेहरबान : मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ का अयोध्या-मथुरा-काशी के विकास पर खास फोकस रहा है। उन्होंने फैजाबाद का नाम बदल कर अयोध्या रखा और दुनिया की सबसे ऊंची भगवान राम की प्रतिमा का निर्माण अयोध्या में शुरू करवाया। योगी सरकार सूबे में जब से आयी है, हर साल अयोध्या में सरयू के तट पर लाख दीयों को प्रज्ज्वलित कर भव्य दिवाली मनाने की परंपरा को और विस्तार मिला है, जिसमें सीएम खुद पूरी कैबिनेट के साथ शामिल होते हैं। सत्ता में आने के बाद ही इसे भव्य तरीके से मनाना शुरू किया गया है।

योगी सरकार ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए 107 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी है, जबकि पहले 70 एकड़ जमीन ट्रस्ट के पास थी। अयोध्या में 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की नींव रख दी थी, जिसमें मुख्यमंत्री योगी भी उपस्थित थे। उन्होंने अयोध्या में एयरपोर्ट बनाने को हरी झंडी दी और साथ ही रेलवे स्टेशन से लेकर एयरपोर्ट तक के सभी नाम भगवान श्रीराम के नाम पर रखे गये हैं। वहीं सीएम मथुरा में जाकर जन्माष्टमी और होली मनाते हैं। इसके अलावा अयोध्या से लेकर चित्रकूट तक राम सर्किट सहित तमाम विकास कार्य किये जा रहे हैं। पिछले सात सालों से हर बजट में इन शहरों के लिए सौगात दी जा रही हैं। काशी के विकास की सीएम योगी खुद निगरानी कर रहे हैं।

गंगा चबूतरा से राम मंदिर झांकी तक : गंगा यात्रा के बहाने ही योगी सरकार ने अपने हिंदुत्व एजेंडे को और धार देने का काम किया है। सीएम योगी ने गंगा नदी के किनारे जगह-जगह आरती शुरू करवायी है। इसके लिए राज्य सरकार गंगा के किनारे वाले गांवों में बकायदा गंगा चबूतरा बनवा रही है, फिर वहां हर दिन शाम में आरती करायी जा रही। इसके अलावा नदी किनारे फलदार पौधे लगाये जा रहे हैं, जैसे मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी के किनारे पौधे लगाये गये थे। गंगा नदी से हिंदू समुदाय का गहरा धार्मिक रिश्ता है। गंगा आरती और पूजन के जरिये योगी सरकार हिंदुत्व के एजेंडे को बनाये रखना चाहती है।

सख्त प्रशासक, हिंदुत्व का शक्तिशाली चेहरा और अभेद्य राजनेता : योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के पंचूर गांव में 5 जून 1972 को अजय सिंह बिष्ट के रूप में हुआ, लेकिन वह गोरखपुर पहुंच कर योगी आदित्यनाथ बन गये। वह आज देश के सबसे बड़े प्रदेश की सत्ता के सिंहासन पर विराजमान हैं, जहां से होकर रास्ता दिल्ली जाता है। वह महज 26 साल की उम्र में संसद पहुंचे। 45 साल के योगी आदित्यनाथ यूपी के सीएम बन गये। आज यूपी की नहीं, बल्कि देश की सियासत में उन्हें हिंदुत्व के शक्तिशाली चेहरे के तौर पर जाना जाता है।

छात्र जीवन में ही राम मंदिर आंदोलन से जुड़े

योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्तराखंड के सामान्य राजपूत परिवार में हुआ था। पिता आनंद सिंह बिष्ट और माता सावित्री देवी हैं। योगी ने 1989 में ऋषिकेश के भरत मंदिर इंटर कॉलेज से 12वीं पास की थी। 1992 में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय से गणित में बीएससी की। जब वह स्नातक कर रहे थे, तभी राम मंदिर आंदोलन शुरू हो गया और वह छात्र जीवन में ही वह राम मंदिर आंदोलन से जुड़ गये।

ऐसे मिले महंत अवैद्यनाथ से

90 के दशक में राम मंदिर आंदोलन के दौरान ही योगी आदित्यनाथ की मुलाकात गोरखनाथ मंदिर के महंत अवैद्यनाथ से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक कार्यक्रम में हुई थी। इसके कुछ दिनों बाद योगी अपने माता-पिता को बिना बताये गोरखपुर जा पहुंचे। उन्होंने संन्यास धारण करने का निश्चय लेते हुए गुरु दीक्षा ले ली। महंत अवैद्यनाथ भी उत्तराखंड के रहनेवाले थे। उन्होंने अजय सिंह बिष्ट को योगी आदित्यनाथ बना दिया। गोरखनाथ मंदिर के महंत की गद्दी का उत्तराधिकारी बनाने के चार साल बाद ही महंत अवैद्यनाथ ने योगी आदित्यनाथ को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी भी बना दिया। गोरखपुर से महंत अवैद्यनाथ चार बार सांसद रहे। उसी सीट से योगी 1998 में 26 वर्ष की उम्र में लोकसभा पहुंचे। वह गोरखपुर से लगातार 2017 तक पांच बार सांसद रहे।

संसद में भी सख्त हिंदूवादी चेहरे के रूप में उभरे

सियासत में कदम रखने के बाद योगी आदित्यनाथ की छवि एक कठोर हिंदुत्ववादी नेता के तौर पर उभर कर सामने आयी। उन्होंने सांसद रहते गोरखपुर जिले को अपने नियम अनुसार चलाने और त्वरित फैसलों से सबको चकित किया। इसी के चलते योगी के सियासी दुर्ग को न तो मुलायम सिंह का समाजवाद भेद पाया और न ही मायावती की सोशल इंजीनियरिंग काम कर पायी। गोरखपुर में हमेशा योगी का हिंदुत्व कार्ड ही हावी रहा।

योगी ने खड़ी की हिंदू युवा वाहिनी

योगी आदित्यनाथ ने अपना संगठन हिंदू युवा वाहिनी खड़ा किया। यह संगठन गौ सेवा करने और हिंदू विरोधी गतिविधियों से निपटने के लिए बनाया गया था। हिंदू युवा वाहिनी ने गोरखपुर में ऐसा माहौल तैयार किया, जिसके चलते आज तक उन्हें कोई चुनौती नहीं दे सका। एक तेज-तर्रार राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी छवि योगी आदित्यनाथ ने बना ली थी।

जनता से सीधा संवाद रखते हैं योगी

योगी आदित्यनाथ की सबसे बड़ी खासियतों में एक है कि वह जनता से सीधा संवाद करने में विश्वास रखते हैं। 2017 में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला, तो सीएम के लिए कई चेहरे दावेदार थे, लेकिन बाजी योगी के हाथ लगी। योगी ने मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने फैसलों से अपनी राजनीतिक इच्छा को जाहिर कर दिया। कोरोना संकट में सीएम योगी सीधे तौर पर सक्रिय नजर आये, जिससे उनकी लोकप्रियता में और भी इजाफा हुआ। योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2022 में दोबारा प्रचंड जीत हासिल की। आज के समय में योगी आदित्यनाथ का मॉडल ना केवल उत्तरप्रदेश और भारत में, बल्कि पूरे विश्व में जाना जाता है।

सामाजिक समरसता के अग्रदूत

'जाति-पांति पूछे नहिं कोई-हरि को भजै सो हरि का होई' गोरक्षपीठ का मंत्र रहा है। महायोगी गोरक्षनाथ ने भारत की जातिवादी-रूढ़िवादिता के विरुद्ध जो उद्घोष किया, उसे इस पीठ ने अनवरत जारी रखा। गोरक्षपीठाधीश्वर परमपूज्य महंत अवैद्यनाथ जी महाराज के पद-चिह्नों पर चलते हुए योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने भी हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद, क्षेत्रवाद, नारी-पुरुष, अमीर-गरीब आदि विषमताओं, भेदभाव एवं छुआछूत पर कठोर प्रहार करते हुए, इसके विरुद्ध अनवरत अभियान जारी रखा है। गांव-गांव में सहभोज के माध्यम से 'एक साथ बैठें-एक साथ खायें' मंत्र का उन्होंने उद्घोष किया।

भ्रष्टाचार-आतंकवाद-अपराध विरोधी संघर्ष के नायक

योगी के भ्रष्टाचार-विरोधी तेवर के हम सभी साक्षी हैं। अस्सी के दशक में गुटीय संघर्ष एवं अपराधियों की शरणगाह होने की गोरखपुर की छवि योगी के कारण बदली। अपराधियों के विरुद्ध आम जनता एवं व्यापारियों के साथ खड़ा होने के कारण पूर्वी उत्तरप्रदेश में अपराधियों के मनोबल टूटे। पूर्वी उत्तरप्रदेश में योगी के संघर्षों का ही प्रभाव था कि माओवादी-जेहादी आतंकवादी इस क्षेत्र में अपने पांव नहीं पसार पाये। नेपाल सीमा पर राष्ट्र विरोधी शक्तियों की प्रतिरोधक शक्ति के रूप में हिंदू युवा वाहिनी सफल रही है। आज उनका यही स्वरूप मुख्यमंत्री के रूप में सबके सामने है। प्रदेश भ्रष्टाचार-आतंक एवं अपराध मुक्त होने की राह पर तेजी से बढ़ चला है।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के प्रवक्ता

सेवा के क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता दिये जाने के गोरक्षपीठ द्वारा जारी अभियान को योगी आदित्यनाथ ने भी और सशक्त ढंग से आगे बढ़ाया। योगी के नेतृत्व में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा अनवरत आज चार दर्जन से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाएं गोरखपुर एवं महाराजगंज जनपद में कुष्ठ रोगियों एवं वनटांगियों के बच्चों की नि:शुल्क शिक्षा से लेकर बीएड एवं पॉलिटेक्निक जैसे रोजगारपरक सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का भगीरथ प्रयास जारी है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय ने अमीर-गरीब सभी के लिए एक समान उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों ने जनता के घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचायी जाती हैं।

विकास के पथ पर अनवरत गतिशील

योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व में संत और जननेता के गुणों का अद्भुत समन्वय है। ऐसा व्यक्तित्व विरला ही होता है। यही कारण है कि एक तरफ जहां वह धर्म-संस्कृति के रक्षक के रूप में दिखते हैं, तो दूसरी तरफ वह जनसमस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशील रहते हैं। सड़क, बिजली, पानी, खेती आवास, दवाई और पढ़ाई आदि की समस्याओं से प्रतिदिन जूझती जनता के दर्द को समझने वाले जन-नेता के रूप में उनकी ख्याति के आज सभी साक्षी बन रहे हैं।

हिंदुत्व का ही नहीं, भारत का भी बड़ा चेहरा बन गये हैं

उत्तराखंड के एक साधारण गांव में जन्मे योगी आदित्यनाथ अब भाजपा और हिंदुत्व का एक बड़ा चेहरा हैं। योगी गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर भी हैं। साथ ही वह ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हिंदुत्व के मुद्दे पर न सिर्फ यूपी, बल्कि पूरे देश में अलग पहचान बनायी है। योगी ने पूर्वी उत्तरप्रदेश में व्यापक जन जागरण का अभियान चलाया। सहभोज के माध्यम से छुआछूत और अस्पृश्यता की भेदभावकारी रूढ़ियों पर जम कर प्रहार किया। वृहद हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्रवादी शक्ति के माध्यम से हजारों धर्मांतरित हिंदुओं की ससम्मान घर वापसी करवायी। गोरक्षा के लिए आम जनमानस को जागरूक कर गोवंशों का संरक्षण एवं संवर्द्धन करवाया।

योगी का धर्मांतरण विरोधी कानून

योगी आदित्यनाथ सरकार जबरन होनेवाले धर्मांतरण के खिलाफ उत्तरप्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अध्यादेश-2020 लेकर आयी। इसे 'एंटी लव जिहाद कानून' के तौर पर ज्यादा प्रचारित किया गया। इस कानून के मुताबिक अगर यह साबित हो जाता है कि धर्म परिवर्तन की मंशा से शादी की गयी है, तो दोषी को 10 साल तक की सजा दी जा सकती है। इसके तहत जबरन, लालच देकर या धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन कराने को भी गैर जमानतीय अपराध माना गया है। एक तरह से तोहफा, पैसा, मुफ्त शिक्षा, रोजगार या बेहतर सुख-सुविधा का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराना अपराध हो गया है। वहीं, इस लव जिहाद कानून के अध्यादेश में सामान्य तौर पर अवैध धर्म परिवर्तन पर पांच साल तक की जेल और 15 हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन अनुसूचित जाति-जनजाति की नाबालिग लड़कियों से जुड़े मामले में 10 साल तक की सजा का प्रावधान और 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। इसके पीछे वजह यह है कि दलित और आदिवासी समुदाय में धर्म परिवर्तन के ज्यादा मामले आते हैं। पहले के धर्म को दोबारा अपनाने को धर्म परिवर्तन नहीं माना जायेगा, यानी एक तरह से घर वापसी को सही माना गया है।

सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों पर एक्शन

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ उत्तरप्रदेश में प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया था। योगी सरकार नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन से सख्ती से निपटी थी और दो दर्जन के करीब प्रदर्शनकारियों की पुलिस फायरिंग में मौत भी हो गयी थी। इतना ही नहीं, विरोध प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक और निजी संपत्तियों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रदर्शनकारियों से वसूली की गयी थी। उनके पोस्टर भी चौराहों पर चस्पां किये गये थे। सीएम योगी ने विधानसभा में कहा था कि जो भी लोग प्रदर्शन में मरे हैं, वे निर्दोष नहीं हैं। दंगाई खुद अपनी ही गोली से मरे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा था कि जो कोई भी कानून का मजाक उड़ायेगा, वह अंजाम भुगतेगा। गौहत्या विरोधी कानून योगी आदित्यनाथ ने यूपी की सत्ता पर काबिज होते ही सबसे पहले गौहत्या की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाये थे। इस दिशा में योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण कानून बनाया, जिसके तहत गौहत्या पर तीन से 10 साल की सजा और गौवंश को शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाने पर पौने दो साल की सजा का प्रावधान है। यूपी में तमाम अवैध स्लॉटर हाउस बंद कर दिये गये हैं।

योगी के व्यक्तित्व के अन्य आयाम

हिंदुत्व के प्रति अगाध प्रेम तथा मन, वचन और कर्म से हिंदुत्व के प्रहरी योगी को विश्व हिंदू महासंघ जैसी हिंदुओं की अंतरराष्ट्रीय संस्था ने अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा भारत इकाई के अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा, जिसका सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए उन्होंने वर्ष 1997, 2003, 2006 में गोरखपुर में और 2008 में तुलसीपुर (बलरामपुर) में विश्व हिंदू महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन को संपन्न कराया। योगी ने 'यौगिक षटकर्म', 'हठयोग : स्वरूप एवं साधना', 'राजयोग : स्वरूप एवं साधना' तथा 'हिंदू राष्ट्र नेपाल' नामक पुस्तकें भी लिखी हैं।

विभिन्न समितियों में रहे

संसद में सक्रिय उपस्थिति और संसदीय कार्य में रुचि लेने के कारण केंद्र सरकार ने उन्हें खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग और वितरण मंत्रालय, चीनी और खाद्य तेल वितरण, ग्रामीण विकास मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सड़क परिवहन, पोत, नागरिक विमानन, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालयों की स्थायी समिति के सदस्य तथा गृह मंत्रालय की सलाहकार समिति, काशी हिंदू विश्वविद्यालय और अलीगढ़ विश्वविद्यालय की समितियों में सदस्य के रूप में समय-समय पर नामित किया।

भगवामय बेदाग जीवन

योगी आदित्यनाथ जी महाराज एक खुली किताब हैं, जिसे कोई भी कभी भी पढ़ सकता है। उनका जीवन एक योगी का जीवन है, संत का जीवन है। पीड़ित, गरीब, असहाय के प्रति करुणा, किसी के भी प्रति अन्याय एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध तन कर खड़ा हो जाने का निर्भीक मन, विचारधारा एवं सिद्धांत के प्रति अटल, लाभ-हानि, मान-सम्मान की चिंता किये बगैर साहस के साथ किसी भी सीमा तक जाकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का प्रयास उनकी पहचान है।

पीड़ित मानवता को समर्पित जीवन

वैभवपूर्ण ऐश्वर्य का त्याग कर कंटकाकीर्ण पगडंडियों का मार्ग उन्होंने स्वीकार किया है। उनके जीवन का उद्देश्य है- न त्वं कामये राज्यं, न स्वर्ग ना पुनर्भवम। कामये दु:खतप्तानां प्राणिनामर्तिनाशनम। अर्थात 'हे प्रभो! मैं लोक जीवन में राजपाट पाने की कामना नहीं करता हूं। मैं लोकोत्तर जीवन में स्वर्ग और मोक्ष पाने की भी कामना नहीं करता। मैं अपने लिए इन तमाम सुखों के बदले केवल प्राणिमात्र के कष्टों का निवारण ही चाहता हूं।' योगी आदित्यनाथ महाराज को निकट से जानने वाला हर कोई यह जानता है कि वह उपर्युक्त अवधारणा को साक्षात जीते हैं। वरना जहां सुबह से शाम तक हजारों सिर उनके चरणों में झुकते हों, जहां भौतिक सुख और वैभव के सभी साधन एक इशारे पर उपलब्ध हो जायें, जहां मोक्ष प्राप्त करने के सभी साधन एवं साधना उपलब्ध हों, ऐसे जीवन का प्रशस्त मार्ग तज कर मान-सम्मान की चिंता किये बगैर, यदा-कदा अपमान का हलाहल पीते हुए इस कंटकाकीर्ण मार्ग का वह अनुसरण क्यों करते?

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	20.2 ℃	12.0 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.26 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.26 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में चयनित बच्चों पर उठ रहे सवालिया निशान?

धनबाद के दो प्रधानाध्यापकों पर लग रहे हैं गलत तरीके से नामांकन कराने के आरोप

नामांकन को लेकर फर्जीवाड़ा की शिकायत उपायुक्त से की गयी

सुनील भंडारी

धनबाद (आजाद सिपाही)। नेतरहाट आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर फर्जीवाड़ा की शिकायत उपायुक्त से की गयी है। एक लिखित शिकायत देकर 2023-24 में नेतरहाट में लिये गये नामांकन में घोर अनियमिता एवं जालसाजी का मामला बताया गया है। आवेदनकर्ता के अनुसार झारखंड से बाहर जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, ओड़िशा के बच्चे का जाति, आवासीय (फर्जी तरीके से) बनवाकर फॉर्म भरवाया गया है। यह खेल लगभग 10 वर्षों से चलते आ रहा है। बाहर के जनरल बच्चों का एसी और एसटी का सर्टिफिकेट बनवाकर नेतरहाट आवासीय विद्यालय में एडमिशन करवाया जाता है। इतना ही नहीं जो छात्र पहली बार परीक्षा में पास नहीं कर पाया अगले वर्ष उसका नाम

जन्मतिथि आदि बदलकर पुनः परीक्षा में बैठाया जाता है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेठाटांड़, टुंडी से अगले वर्ष 25 बच्चों का चयन किया गया था और इस वर्ष भी 28 बच्चों का नेतरहाट में चयन हुआ है। इस विद्यालय से इतने अधिक बच्चों का चयन होना सवालिया निशान खड़ा करता है। लोगों की मानें तो इस विद्यालय के प्रिंसिपल और उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामपुर, टुंडी के प्रधानाध्यापक एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल प्रधानाध्यापक, आवासीय विद्यालय किशनपुर रामबाग स्कूल के प्रधानाध्यापक की मिली भगत से यह पूरा खेल खेला जा रहा है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आयुष यादव पिता अविनाश कुमार बिहार के रहने वाले हैं। उनके पिताजी शिक्षक हैं और नेतरहाट आवासीय विद्यालय में गलत सर्टिफिकेट बनवाकर इनका नामांकन करवाना चाहते हैं। अधिकांश बाहरी बच्चों का गलत ढंग से (फर्जी तरीके से) जाति, आवासीय बनवाकर इस वर्ष लगभग 90 बच्चों को पास करवाया गया है (इसमें लगभग दस प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जिसका मूल निवास स्थान झारखंड)।

पास करवाने, फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने, फर्जी रूप से आवासीय बनवाने के नाम पर गार्जियन से मोटी रकम भी वसूली जाती है। जिन बच्चों का चयन हुआ है उसमें से अधिकतर का मूल पता बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, ओड़िशा है। लेकिन नेतरहाट आवासीय विद्यालय में झारखंड का प्रमाण पत्र बनाकर नामांकन करना चाहते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने की जांच

जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ राजभर जब जांच करने विद्यालय में गये तो उन्होंने पाया कि विद्यालय में ना तो छात्र थे ना ही उनके दिये गये (कथित)मूल पते। शिकायतकर्ता ने मौखिक तौर पर बताया कि इस बार जरूरत पड़ने पर न्यायालय का भी दरवाजा खटखटायेंगे, परंतु झारखंड के बच्चे के साथ अन्याय नहीं होने देंगे? उन्होंने यह दावा किया कि जो प्रश्न छात्रों से पूछा जाता है दोनों विद्यालय में से कोई शिक्षक वैसे सवाल का जवाब नहीं दे सकते हैं फिर ऐसे में इतने बच्चे पास किये कैसे?। अभिभावक में रमेश कुमार, ज्योति देवी, संतोष कुमार, बंटी नायक, प्रदीप सिंह, विनोद कुमार, अनीता देवी, नायक बाबू ,दीपक कुमार, आशीष भारद्वाज, ने उपायुक्त एवं मुख्यमंत्री से गुहार लगायी है, कि उक्त विद्यालय और संस्थान की जांच की जाये, जिससे इसमें सैकड़ों और खुलासे होंगे,अगर इस तरह अनदेखी करते हुए बाहरी बच्चों का नामांकन धड़ल्ले से नेतरहाट विद्यालय में ले लिया गया तो, झारखंड से आने वाले बच्चों के साथ अन्याय होगा। इसलिए इस पर जल्द से जल्द जांच की मांग की गयी है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ठेठाटांड़, टुंडी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामपुर मोड़ के प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह सभी बच्चे जिनका नामांकन नेतरहाट में हुआ है, वह इसी स्कूल में पढ़ते थे और प्रतियोगिता परीक्षा में पास करने के बाद उनका नामांकन नेतरहाट में हुआ है। जबकि कुछ ऐसे छात्र हैं जिसका स्थानीय तौर पर कोई अभिभावक भी नहीं है। शिकायतकर्ता ने, मुख्यमंत्री, एंटी क्राइम आदि अनेक जगह पत्र लिखकर शिकायत किया है। जिला शिक्षा अधीक्षक से भी मिलकर उन्हें संपूर्ण जानकारी दी गयी है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.go.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

गीता कोड़ा की मिली अग्रिम जमानत

रांची। आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपी सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा की अग्रिम जमानत पर कॉमर्शियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमसी झा की अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मामले में गीता कोड़ा की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली। प्रार्थी की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता जयशंकर तिवारी ने पैरवी की। आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसकी सही जानकारी नहीं देने के आरोप में 4 जनवरी 2012 में अदालत में केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में गीता कोड़ा ने 20 दिसंबर को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएमसी-03-2024, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएमसी-03-2024, कार्य का नाम : राँची मंडल-ऑटो टैपिंग थिंबल के साथ फिट किए हुए सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 2775 अदद 60 केजी 90 यूटीएस, 1000 अदद 52 केजी 90 यूटीएस और 116 अदद 60 केजी/60ईआई-आर260 ग्रेड रेल बेल्डिंग पोर्शन इन सिटू की आपूर्ति (कुल:3891 जॉइंट्स)। निविदा मूल्य: रु.82,57,356/-, बयाना राशि: रु.1,65,200/-, निविदा की अंतिम तिथि और समय: उपर्युक्त निविदा के लिए दिनांक 09.02.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड-834003 (PR-1041)

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

वृष मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी।

मिथुन विवाद की समानता, स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें, सरकारी कार्य में नवीन अनुभवों की प्राप्ति।

कर्क आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदरों व मानसिक तनाव कम होगा।

सिंह नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

कन्या सामरिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। वांछित प्रयासों में क्रमशः सफलता मिलेगी।

तुला सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा, कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।

वृश्चिक कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी परंतु कुछ आवश्यक काम बनेगा।

धनु सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।

मकर रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

कुंभ धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, सामरिक कार्यों में सफलता।

मीन भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, शत्रुओं का शमन।

नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में सीबीआइ की जांच पर रोक

अगली सुनवाई 9 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। साहिबगंज जिला स्थित नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले में बिना राज्य सरकार की सहमति और बगैर हाइकोर्ट के आदेश के सीबीआइ द्वारा एफआइआर दर्ज करने को चुनौती देनेवाली राज्य सरकार की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर सीबीआइ द्वारा की जा रही जांच पर रोक लगाते हुए सीबीआइ को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 फरवरी को होगी।

दरअसल, विजय हांसदा ने पूर्व में पंकज मिश्रा एवं अन्य के द्वारा नींबू पहाड़ पर अवैध खनन किये

जाने को लेकर जो शिकायत की थी, उसकी सीबीआइ जांच करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया था, बाद में विजय हांसदा ने अपनी उस याचिका को वापस लेने का अनुरोध कोर्ट से किया था, लेकिन हाइकोर्ट ने उसके इस आग्रह को नहीं मानते हुए विजय हांसदा ने किसके दबाव में याचिका वापस लेने का आग्रह किया और नींबू पहाड़ अवैध खनन की वस्तुस्थिति क्या है, इसकी प्रारंभिक जांच करने का आदेश सीबीआइ को दिया था।

सीबीआइ ने इसकी प्रारंभिक जांच में मिले तथ्यों के आधार पर हाइकोर्ट से साहिबगंज में नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में एक संशोधित आदेश पारित करने का आग्रह किया, लेकिन हाइकोर्ट ने सीबीआइ द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के आग्रह को निरस्त कर दिया। इसके बाद भी सीबीआइ ने बिना हाइकोर्ट की अनुमति एवं राज्य सरकार की सहमति के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन को लेकर कांड संख्या आरसी 024 2023 एस 0011 दिनांक 20 नवंबर 2023 दर्ज किया था।

राज्य सरकार ने सीबीआइ द्वारा नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले में सीबीआइ द्वारा दर्ज एफआइआर को कानून सम्मत नहीं बताते हुए इसे चुनौती देते हुए कहा था कि बिना सरकार की सहमति और बगैर हाइकोर्ट की अनुमति के ही सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की है , जो गलत है। जबकि विजय हांसदा मामले में हाइकोर्ट ने सिर्फ यही आदेश दिया था कि विजय हांसदा किस कारण से नींबू पहाड़ में अवैध खनन मामले की जांच सीबीआइ जांच के आग्रह को वापस लेना चाहते हैं, इसकी प्रारंभिक जांच की जाये। मामले में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, मनोज कुमार एवं अशोक कुमार यादव ने पैरवी की।

बाबूलाल मरांडी ने लांच किया आशुतोष द्विवेदी का 'अवध में राम आये हैं' गाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अयोध्या में 22 जनवरी को विश्व के सबसे बड़े राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान है। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के आशुतोष द्विवेदी का गाना 'अवध में राम आये हैं' लॉन्च हुआ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गाने के पोस्टर का अनावरण यूट्यूब पर अपलोड करके किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश पांडेय, सिंधु बाला, गीत के प्रोड्यूसर ए के दिवाकर, संगीतकार हर्ष उपाध्याय, गीतकार अंबुज राय समेत कई लोग उपस्थित थे। आशुतोष द्विवेदी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर लोकगायक आशुतोष द्विवेदी के गाना अवध में राम आए हैं प्रभु श्रीराम के जीवन और महिमा का पूर्ण वर्णन है। इस एलबम के लिए आशुतोष द्विवेदी की मां संगीता रानी, पिता तुहिन शरद द्विवेदी समेत रांची के कई संगीत प्रेमियों ने उन्हें बधाई और आशीर्वाद दिया है।

पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) के 10 से 15 फरवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने

याचिकाकर्ता की उस हस्तक्षेप याचिका (आइए) को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने 10 दिसंबर के पलामू उपायुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इसी आदेश में उपायुक्त पलामू ने 3 जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में दिये गये वृहत एक्शन प्लान को 10 जनवरी को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की आइए को स्वीकार करते हुए उसे सोमवार तक फ्रेश पिटीशन दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। पलामू उपायुक्त ने 10 जनवरी को कानून व्यवस्था की समस्या बता कर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने का आदेश दिया था।

भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला, प्रवक्ता ने कहा

इडी की पूछताछ से पहले जबरन अराजक माहौल बनाने की कोशिश

- राज्य सरकार के प्रायोजित आक्रोश प्रदर्शनों के नाटकों पर लगाम लगे
- आर्टिकल 7 में विधि व्यवस्था को निभाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की, अब तक असफल
- राजभवन के पास हुए प्रदर्शन में आम आदिवासी नहीं बल्कि अधिकांश झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की इडी के पूछताछ के पहले सत्ताधारी गठबंधन के द्वारा पूरे राज्य में आक्रोश और भय का जबरदस्ती माहौल दिखाने की कोशिश की जा रही है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने तो इडी के अधिकारियों पर हमले का आह्वान किया था। झामुमो के प्रवक्ता कह रहे कि जनता में आक्रोश है और कुछ भी हो सकता है। प्रतुल ने कहा कि जनता में इस बात को लेकर जरूर आक्रोश है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने चार वर्ष तक सिर्फ भ्रष्टाचार किया। आदिवासी मूलवासी का कोई विकास नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा कि अगले

चुनाव में प्रदेश के आदिवासी-मूलवासी हेमंत सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जिस तरीके से राजभवन के आसपास निषेधाज्ञा लगे होने के बाद भी प्रदर्शनकारियों को जाने की छूट थी, वह साफ दिख रहा है कि राज्य सरकार अपने दायित्व का निर्वाह नहीं कर रही। कहा कि यह सब प्रायोजित था। सत्ताधारी गठबंधन के इशारे पर प्रदेश में ऐसा दिखाया जा रहा है कि विधि व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जबकि वास्तविकता में ऐसा बिल्कुल नहीं है। प्रदेश की जनता इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति चाहती है। प्रतुल ने कहा कि अब तो सत्ताधारी गठबंधन के नेता मर्यादा छोड़ कर राजभवन और राज्यपाल पर भी निशाना साध रहे हैं। राजभवन के सामने कई संगठनों ने सरकार के द्वारा प्रायोजित प्रदर्शन किया। इसमें आम आदिवासी नहीं, बल्कि अगल बगल के जिलों से लाये गये झामुमो कार्यकर्ता शामिल थे। इनको समझना चाहिए कि यह पांचवीं अनुसूची का क्षेत्र है और यहां राज्यपाल को विशेष अधिकार भी मिले हैं।

प्रतुल ने कहा संविधान के आर्टिकल 7 के अनुसार विधि व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है। मुख्यमंत्री से पूछताछ के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखना भी राज्य सरकार का दायित्व है। अगर सत्ताधारी गठबंधन के इशारे पर राष्ट्र विरोधी तत्व पूछताछ के दौरान कोई विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

पीएम जनमन की उपलब्धियों से कराया अवगत

15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने शुरू की थी यह योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रपति भवन नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के कल्याण के क्षेत्र में पिछले दो महीने में हुई उपलब्धियों से अवगत कराया। पीएम जनमन जैसी महत्वाकांक्षी अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023

को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर किया था।

इस मिशन के माध्यम से 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) के पीवीटीजी क्षेत्रों को सड़क, पक्का घर, छात्रावास, स्वास्थ्य, घरों में विद्युतीकरण, बहुउद्देशीय केंद्रों का निर्माण एवं आंगनबाडी केंद्रों की स्थापना, दूरसंचार कनेक्टिविटी के लिए मोबाइल टावर, स्थायी आजीविका और नल से स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से पूर्णतः युक्त किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय का यह लक्ष्य है कि तीन साल के इस मिशन की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक योजनाएं मौजूदा वित वर्ष के दौरान ही पूर्ण कर ली जायेंगी। हमारा मंत्रालय अन्य 8 केंद्रीय मंत्रालयों के साथ इस संबंध में लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह प्रयास संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर है।

वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 2 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पत्नी एवं वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गयी, जो अभी भी जारी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। पूर्व में इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम और राजकुमारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद इन दोनों की ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी है। 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ इडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। इडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गयी है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसे रांची के अशोक नगर स्थित आवास से इडी ने गिरफ्तार किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 20 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in

मुख्यमंत्री एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में हुए शामिल

विजेता -उपविजेता टीम को हेमंत सोरेन ने ट्रॉफी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रति काफी लगाव है, इसकी बानगी शुक्रवार को भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मरंङ गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने ओलंपिक क्वालीफायर के जर्मनी बनाम यूएसए के बीच हुए फाइनल मुकाबला का लुत्फ उठाया। मैच के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोनों टीमों की खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते नजर आये।

मुख्यमंत्री ने जर्मनी बनाम यूएसए के बीच हुए फाइनल मुकाबले का उठाया लुत्फ

फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने यूएसए को 2-0 से हराया

एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के फाइनल मैच में जर्मनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएसए की टीम को 2-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिला हॉकी टीम सहित प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों की खिलाड़ियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने झारखंड रांची की मेजबानी में हुए एफआइएच हॉकी ओलिंपिक क्वॉलीफायर प्रतियोगिता 2024 के सफल आयोजन हेतु राज्य सरकार के अधिकारियों एवं हॉकी इंडिया के प्रतिनिधियों को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महासचिव हॉकी इंडिया भोलानाथ सिंह सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जापान ने तोड़ा भारत का पेरिस जाने का सपना, मेजबान को 1-0 से हराया

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में तीसरे और चौथे स्थान के कड़े प्लेऑफ मुकाबले में जापान से 0-1 से हार गयी। इस हार के साथ भारतीय महिलाएं चौथे स्थान पर रहीं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने से चूक गईं। जापान ने मैच की शुरुआत में ही बढ़त बना ली। भारत को कुछ पेनल्टी कॉर्नर मिले और दूसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कुछ मौकों पर विपक्षी टीम के सर्कल में एंट्री भी की, लेकिन वे किसी भी अवसर को गोल में बदलने में असमर्थ रहीं।भारतीय टीम बार-बार बराबरी के करीब आई लेकिन जापान के डिफेंडरों ने सुनिश्चित किया कि वे अपनी एक गोल की बढ़त को बरकरार रखेंगी और 1-0 से मैच जीतकर तीसरे स्थान पर रहेंगी और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंततः जापान अपने प्रयास में सफल रहा और भारतीय टीम को निराशा हाथ लगी।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों में जुटा श्री महावीर मंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री जन्मभूमि अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल रांची स्थापना महोत्सव की तैयारी में जुटा है। रांची के विभिन्न क्षेत्रों में राम भक्तों के बीच दीप एवं झंडा का वितरण किया गया। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने यह जानकारी दी। राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि सभी राम भक्तों से 22 जनवरी को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनायेंगे । श्री मिश्रा ने बताया कि श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों

में प्रभु श्री राम के भक्तों के बीच 51000 दीप एवं 5000 झंडा का वितरण किया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि श्री महावीर मंडल रांची के अंतर्गत पड़ने वाले सभी अखाड़ों एवं राम भक्तों से अपने अपने नजदीकी मंदिरों एवं अखाड़ों में 22 जनवरी को महावीरी पताका लगाकर पूजा-अर्चना, भजन - कीर्तन कर आरती के पश्चात प्रसाद वितरण करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक पुरोहित, वरिष्ठ समाजसेवी अर्जुन राम, श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुगार्पूजा महासामिति के महामंत्री सह विश्व हिंदू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक, श्री महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के रमेश केडिया मौजूद थे।

श्री अग्रसेन स्कूल की रंगोली में दिखा राम दरबार

400 बच्चों ने आठ घंटे में बनायी 15 हजार वर्ग फीट की रंगोली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन पर श्री अग्रसेन स्कूल के बच्चों ने राम दरबार सजाया। शुक्रवार को बच्चों ने विभिन्न रंगों से राम दरबार की करीब 15 हजार वर्गफीट (100150 फीट) की भव्य रंगोली बनायी। छोटे-बड़े करीब 400 बच्चों की टोली ने कला शिक्षक कुंदन विश्वकर्मा के नेतृत्व में यह रंगोली तैयार की। रंगोली तैयार करने में करीब 8 घंटे का समय लगा। राम दरबार की रंगोली बनाने में विभिन्न रंगों, फूलों और पत्तियों का इस्तेमाल किया गया था। राम दरबार रंगोली की खूबसूरती और भव्यता को देखने के लिए अभिभावक और क्षेत्र के लोग आने लगे। शाम तक लोगों का तांता लगा रहा। सभी आगंतुकों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की। स्कूल के सभी बच्चे बारी-बारी

से छत के ऊपर से इस भव्य रंगोली का अवलोकन कर मंत्रमुग्ध हो गये। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि देश और काल के मुद्दों के साथ तारतम्यता बनाये रखना बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा देश के इतिहास का एक खास मोड़ है। इस पल के साथ बच्चों को जोड़ने और श्री राम के स्वागत के इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा देश तैयारी में जुटा है। विद्यालय परिवार ने भी अपने आयोजन से इस अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि इस अभूतपूर्व आयोजन का उद्देश्य उत्सव को यादगार बनाने के साथ-साथ बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हुए कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाना था।

डोरंडा में श्रीराम दर्शन यात्रा निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री चैती दुर्गा पूजा समिति डोरंडा में शुक्रवार को अयोध्या में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन व राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विराट श्री राम दर्शन यात्रा निकाली गयी। यात्रा पूजा प्रांगण से प्रारंभ होकर झंडा चौक गांधी मैदान विवेकानंद चौक होते हुए तपोवन मंदिर पहुंची। जहां प्रभु श्री राम का दर्शन कर प्रसाद निवेदन किया गया। यात्रा का स्वागत डोरंडा बाजार काली पूजा समिति, शिव मंदिर, महावीर मंदिर, चंदन गुप्ता परिवार की ओर से किया गया। यात्रा के बाद पूजा प्रांगण में

जय माता दी जागरण मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में प्रकाश वर्मा, राकेश पाल, मुकेश गुप्ता, देवाशीष दत्ता, महेश, विजय, सरदार नरेंद्र पाल सिंह, प्रमोद चौधरी, विनय गुप्ता, पप्पू वर्मा, शिव प्रसाद, राज कुमार पाल, अरुण गुप्ता, लडडू प्रसाद, मंटू लाल, उमेश फरमान, राजू चौरसिया, शंभु गुप्ता, राम वृक्ष साव, हिमांशु शेखर दास, राजेश वर्मा, अजय वर्मा, विजय वर्मा, चंदन गुप्ता उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के मनोज वर्मा ने दी।

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने झंडा का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में निर्मित दिव्य एवं भव्य श्रीराम मंदिर, प्राण प्रतिष्ठा की पावन तिथि 22 जनवरी की ऐतिहासिक दिन को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन अत्यंत उत्साह पूर्वक एवं भव्य रूप से मनायेंगे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 22 जनवरी को मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि अन्नपूर्णा सेवा केंद्र एवं पहाड़ी रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में श्री राम उत्सव एवं दीपोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। श्री रामचंद्र जी की पूजा-अर्चना, प्रसाद भोग एवं श्री राम का भगवा ध्वज फहराया जायेगा, इस दिन दोनों अन्नपूर्णा सेवा में भोजन प्रसाद निःशुल्क रहेगा।

इस दौरान मिठाइयां, फल बांटी जायेगी, दीपक जलाकर दीपोत्सव एवं पूरे वातावरण को राममय बनाया जायेगा।

उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि 22 जनवरी को अयोध्या में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, भजन- कीर्तन, महा आरती, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण एवं शाम को अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर एवं श्री राम का भगवा झंडा फहराकर राम उत्सव उल्लास के साथ मनाये। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा 22 जनवरी को आकर्षक एवं भव्य बनाने हेतु आज जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा अपर बाजार रांची के तीन स्थानों पर पांच सौ श्री राम प्रभु के भगवा ध्वज का वितरण राम भक्तों के बीच किया गया।

आस्था : श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक

श्री श्याम मंदिर में 22 जनवरी को होगा भव्य कार्यक्रम

श्रीराम का केसरिया झंडा लहरा रहा, पूरा मंदिर राममय हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल की एक बैठक अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में श्री श्याम मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम के संयोजक और पूर्व सांसद अजय मारू ने विस्तार से तय कार्यक्रम के बारे में जानकारी देकर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम के उपसंयोजक गौरव

अग्रवाल मोनू ने बताया कि सभी तैयारियां अब अंतिम रूप में की जा रही है। लड्डुओं का प्रसाद लगातार मंदिर परिसर में विशेष निगरानी में बनाया जा रहा है।

अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि इस दिन मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहना कर विशेष दिव्य श्रृंगार किया जायेगा।

प्रातः 10:00 बजे से वेदी पूजन, विग्रह पूजन, हवन पूजन, दीप मलिक पूजन का अनुष्ठान प्रारंभ होगा । 11:30 बजे से हवन (यज्ञ) शुरू होगा, जो निरंतर चार घंटे तक चलेगा।

यजमानश्री के रूप में कार्यक्रम के संयोजक और पूर्व सांसद अजय मारू, कल्पना मारू, राजीव रंजन मित्तल और कविता मित्तल के द्वारा अनुष्ठान होगा। 11000 लड्डुओं का भोग लगेगा एवं 12:20 बजे विशेष महाआरती की जायेगी। इस समय दीपोत्सव एवं आतिशबाजी भी की जायेगी। इसके बाद प्रसाद वितरण प्रारंभ होगा। इस बीच हवन निरंतर चलता रहेगा, जिसका समापन दोपहर 3:15 बजे आरती के साथ होगा। कार्यक्रम के संयोजक अजय मारू ने बताया कि हवन यज्ञ में सभी सनातनी आहुति प्रदान कर सकेंगे। संध्या 6:00 बजे से पुनः भव्य दीपोत्सव दीपावली मना कर आतिशबाजी की जायेगी। पूरा मंदिर परिसर विद्युत साज से जगमग कर रहा है।

श्रीराम के केसरिया झंडे से पूरा मंदिर इलाका राममय हो गया है। राम का बड़ा चित्र भी लगा दिया गया है। अयोध्या में होनेवाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़े एलइडी स्क्रीन पर किया जायेगा। श्री श्याम मंदिर के कार्यकर्ता इस कार्य को करने में जुटे हुए हैं।

सुरेश सरावगी, श्रवण ढांढनिया, अजय मारू, कल्पना मारू, राजीव रंजन मित्तल, कविता मित्तल, अनूप दाधीच, रत्नाकर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू श्याम, सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, रतन शर्मा, संजय सर्राफ, सलज अग्रवाल, रौनक पोद्दार, प्रकाश अग्रवाल, रोशन खेमका, किशन शर्मा, निखिल नारनौली, विशाल पोद्दार, दिनेश अग्रवाल, वेद भूषण जैन, कौशल चौधरी, कमलेश सावा, स्नेह पोद्दार, साकेत ढानढनिया, राम सरावगी, राहुल मारू, प्रियंका मारू, अभिषेक सरावगी, अरविंद सोमानी, अनुज मोदी, आशीष डालमिया कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं।

पेज-01 का शेष...

अबुआ आवास के मिले...

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गत 4 वर्षों में कुल 1,31,850 एकड़ भूमि पर बागवानी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,10,665 एकड़ भूमि पर बागवानी के माध्यम से अबतक 1,27,381 परिवारों को लाभांवित किया गया है। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 4 वर्षों में जल संचयन एवं मृदा संरक्षण के उद्देश्य से पूरे राज्य में अब तक कुल 5,84,511 योजनाओं को पूर्ण किया गया है तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 1,10,903 योजनाओं पर कार्य जारी है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के तहत मनरेगा तथा राज्य योजना मद की राशि से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अन्तर्गत एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किया जा रहा है। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में 10 हजार अतिरिक्त वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान निर्माण का लक्ष्य है। 4 वर्षों में ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अबतक 4184 खेल मैदान तैयार हो चुके हैं तथा 5071 योजनाओं पर कार्य जारी है। पूर्व में पंचायत स्तर पर योजना का क्रियान्वयन किया जाता था, अब ग्राम स्तर पर क्रियान्वित की जा रही है। मनरेगा से अभिसरण के माध्यम से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को पशु शेड दिये जाने का प्रावधान है। इसके तहत 27786 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी है। अबतक 13309 योजनाओं में शेड निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। मनरेगा तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के साथ अभिसरण कर गत 4 वर्षों में कुल 1731 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा 1571 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण जारी है।

सामाजिक सुरक्षा की राशि बढ़ायी:

सचवि ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अन्तर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिए 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिये जाने तथा दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग/अंगभंग हो जाने पर पहले राशि 75 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 02 लाख रुपया कर दिया गया है। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर पहले 37,500 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। समान्य मृत्यु होने पर पहले 30 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दिये गये हैं। वहीं मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित डोभा, कुआं में डूबने से मनरेगा वाले मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान पहले 50 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रुपया कर दिया गया है।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन:

चंद्रशेखर ने कहा कि मनरेगा अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के माध्यम से राज्य भर में कुल 01 लाख कूपों का निर्माण 15 नवंबर 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 (15 नवम्बर, 2024 तक) में 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय जाने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के साथ ही उनकी पोषण आवश्यकता को पूरा करने के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मनरेगा एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अभिसरण से विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 4960 चिह्नित विद्यालयों के विरुद्ध 3971 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण कार्य प्रारम्भ है।

सामाजिक अंकेक्षण इकाई का उपलब्धि:

मनरेगा के सामाजिक अंकेक्षण रिर्पोट के आधार पर गत 4 वर्षों में 803 मामलों में कुल 40,43,136 रुपये की रिकवरी की गयी है। इसके साथ कार्रवाई के रूप में 04 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है, 4570 कर्मियों पर अर्थदंड एवं 2 कर्मियों को सेवामुक्त किया गया है। गत 04 वर्षों में 08.01.2024 तक वित्तीय वर्षवार 2897 पंचायतों का सामाजिक अंकेक्षण किया जा चुका है।

पीएम आवास योजना के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूरे:

सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण कर लिये गये हैं। 2016-2022 तक इस योजना के तहत 15,92,171 आवासों की स्वीकृति दी गयी थी। इसमें से 15,57,730 आवास पूर्ण हो चुके हैं। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के परफारमेंस इनडेक्स के अनुसार झारखंड राज्य इस मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। वहीं पिछले चार वर्षों में इस योजना के तहत 7,76,642 आवासों की स्वीकृति दी गयी। इसमें से 10,48,262 आवास पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में पूर्ण आवासों का प्रतिशत 67.29 है। इसी तरह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत चार वर्षों में लंबित आवास सहित कुल 33.795 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। पीएम जनमन योजना भी सुचारू गति से चल रही है।

दीनदयाल अंत्योदय- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन:

चंद्रशेखर ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन किया गया है। जिससे 32.94 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में 1.18 लाख सखी मंडलों का गठन कर 15.29 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। वहीं 5 लाख से अधिक महिला किसानों को लखपति महिला बनाया जा चुका है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने महिला उत्पादक संगठन, जोहार परियोजना, झारखंड सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना एवं उड़ान परियोजना, प्रखंड भवन निर्माण कार्य आदि से जुड़ी जानकारियो को साझा किया।

ग्रामीण विकास विभाग भ्रष्टाचार और घोटाले का बना अड्डा : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक एवं पूर्व नगर विकास विभाग मंत्री सीपी सिंह ने राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के चार साल में ग्रामीण विकास विभाग लूट, भ्रष्टाचार एवं घोटाले का अड्डा बन गया है। श्री सिंह भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग गांव के विकास योजनाओं को गति देने का काम करती है लेकिन अभी तक मात्र 47 प्रतिशत राशि खर्च दिखायी गयी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर हो रहा है लेकिन छह-छह माह बाद भी टेंडर को खोला नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के दबाव में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चार साल से अनेक मनरेगा योजनाएं बंद पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में 74 ऐसे गांव हैं, जहां एक भी घर में नल से जल नहीं पहुंचाया जा सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री का जिला साहिबगंज के 22 गांव सर्वाधिक है। राज्य सरकार ने एक साल का एक्सटेंशन मांगा है। इतना ही नहीं, इस योजना में कई तरह के अनियमितताएं बढ़ती जा रही है रांची के नामकुम प्रखंड के महिलोंग व टाटी गांव में 3331 घरों में सिर्फ कागज पर ही यह योजना पहुंची है।

एनआइपीएम रांची चैप्टर की बैठक

कोल इंडिया मैराथन में सक्रिय भागीदारी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय कार्मिक प्रबंधन संस्थान (एनआइपीएम) रांची चैप्टर ने शुक्रवार को अपने पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें 11 फरवरी को होने वाली कोल इंडिया मैराथन में सक्रिय भागीदारी की घोषणा की गयी। अपने सदस्यों के बीच खुशहाली और शारीरिक फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देते हुए एनआइपीएम टीम ने उत्साही टीम को बढ़ावा दिया है। यह पहल न केवल उद्योग प्रबंधन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, बल्कि कर्मचारी कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। कोल इंडिया मैराथन निश्चित रूप से शारीरिक फिटनेस और सकारात्मक प्रभाव की दिशा में प्रयास करेगी। बैठक में एनआइपीएम रांची चैप्टर कार्यालय के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्होंने संजय कुमार ठाकुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (पूर्व) को मैराथन के पैम्फलेट और ब्रोशर प्रस्तुत किया और सक्रिय भागीदारी का अनुरोध किया।

रांची स्मार्ट सिटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

बेस्ट ग्रीन बिल्डिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्मार्ट सिटी इंडिया अवार्ड से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्मार्ट सिटी के विकास की राह में रांची स्मार्ट सिटी के द्वारा नित प्रतिदिन नये-नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं जिसे राष्ट्रीय स्तर पर हमेशा सराहना मिलती है। इसी क्रम में रांची स्मार्ट सिटी को एक बार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में पिछले तीन दिनों से आयोजित 31वां कन्वर्जेंस इंडिया और 9वीं स्मार्ट सिटी इंडिया एक्सपो में रांची को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को कन्वर्जेंस इंडिया कार्यक्रम में रुस के मास्को शहर के मंत्री सर्गेई चेरेमिन के द्वारा यह सम्मान दिया गया। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से सीइओ अमित कुमार और जीएम (टेक्निकल) राकेश कुमार नंदक्योलियार ने सम्मान ग्रहण

किया। यह अवार्ड स्टेट ऑफ ऑर्ट ग्रीनफील्ड टाउनशिप के लिए दिया गया।

क्या है ग्रीन बिल्डिंग इनिशिएटिव : दरअसल रांची स्मार्ट सिटी का यह मैनडेट है कि 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे एबीडी क्षेत्र में निर्मित होनेवाली हर बिल्डिंग कम से कम ग्रह 2 रेटिंग की होना चाहिए, डेवलपर अगर चाहे तो वह 5 रेटिंग तक बिल्डिंग का निर्माण कर सकते हैं। इसके साथ ही इस नये क्षेत्र में ग्रीन इनिशिएटिव के रूप में कई कदम उठाये गये हैं। पूरे क्षेत्र में कुल तीन लाख अलग-अलग किस्म के पौधे लगाये गये हैं। मास्टर प्लान के हिसाब से 37 प्रतिशत क्षेत्र को ओपन स्पेस ओर ग्रिन एरिया के रूप में रखा गया है।

सभी मुख्य मार्गों के दोनों तरफ सेफ और डेडीकेटेड साइकिल लेन और फूटपाथ बनाये गये हैं जो, ननमोटराइज ट्रांसपोर्ट को प्रोत्साहित करेंगे। वेस्ट वाटर को रीसाइकिल कर पुनः सेकेंड्री वाटर के रूप में आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। पूरे स्मार्ट सिटी में सोलर एनर्जी को प्रोत्साहित किया गया है। आपको बताते चलें कि यह अवार्ड भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन और एक्जिविशन इंडिया की ओर से रांची को दिया गया है, वहीं दूसरी कैटेगरी में कुछ अन्य शहर भी सम्मानित हुए हैं।

महत्वपूर्ण खबरें

108 किलो हलवा, बुंदिया और खीर का होगा वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। 22 जनवरी को ज्योति संगम रांची के द्वारा 108 किलो गाजर हलवा, बुंदिया और खीर का वितरण होगा। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ज्योति संगम अपर बाजार भव्य तरीके से आयोजन करने जा रहा है। समिति की ओर से 22 जनवरी को 108 किलो गाजर का हलवा, खीर एवं बुंदिया का वितरण किया जायेगा। शहीद चौक से गांधी चौक तक महावीर झंडे, झालर पताका और विद्युत सज्जा, शाम को भव्य दीपोत्सव और आतिशबाजी, दुर्गा मंदिर और महावीर मंदिर में विशेष सजावट होगी। इस महोत्सव को सफल बनाने में चंद्रभान खत्री, अंकित गुप्ता, दीपक कु पंकज, अविनाश कुमार, हेमंत पोद्दार, मनोज बक्सरिया, प्रमोद लोहिया, राजेश मक्कड़, अमित व्यास, गौतम वर्मा, रवींद्र सैनी, प्रखर लोहिया, आरपी गुप्ता, अजय बाथवाल, शिव कुमार गुप्ता आदि जुटे हैं।

दलित गौरव मिलन समारोह का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह कोकर स्थित चंचल चटर्जी कंप्लेक्स में हुआ। इसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान मौजूद रहे। नेशनल कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश कलनंदी ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, मीना देवी, नीतू देवी खुशबू नायक, प्रकाश राम, संतोष महतो, बसंत पासवान, सुरेश मिर्धा, विनय नायक, विजय कुमार राम, अरविंद हजारा, देवेंद्र कुमार तांती, विकास कुमार, नेहाल, बिट्टू आदि अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रोनियार वैश्य प्रगतिशील मंच ने श्रद्धांजलि दी

रांची (आजाद सिपाही)। रोनियार वैश्य प्रगतिशील मंच के कुलदीप नारायण गुप्ता का निधन 8 जनवरी को हो गया था। शुक्रवार को मंच के सभी कार्यकारी सदस्यों ने उनके परिवार के पास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट के लिए मौन रखा। मंच के अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव विजय प्रसाद गुप्ता, उप सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र, इंजीनियर अनिल कुमार गुप्ता, अनूप कुमार गुप्ता ने कुलदीप नारायण गुप्ता के निधन पर श्रद्धांजलि दी। साथ ही समाज के लिए उनके संबंध और योगदान की स्मृति में एक चित्र फ्रेम सौंपा।

रोटरी क्लब करेगा 22 को तपोवन मंदिर में भंडारे का विशेष आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद प्रभु श्री राम अपनी नगरी अयोध्या में नये भव्य मंदिर में पधार रहे हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य कार्यक्रम होना है। इस शुभ अवसर पर रोटरी क्लब ने तपोवन मंदिर, निवारणपुर रांची में भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण ने दी। बताया कि संपूर्ण विश्व इस दिन के लिए काफी हर्षोल्लासित है। लोग रोमांचित और बहुत खुश हैं। इसी पावन अवसर को रामायण बनाने के लिए तपोवन मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी रामभक्तों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। अयोध्या धाम में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलसीडी द्वार मंदिर प्रांगण में किया जायेगा। श्री राम के भक्त इसका आनंद ले सकते हैं। साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया है। रोटरी क्लब, रांची के अध्यक्ष डॉ विनय ने बताया कि भंडारे के साथ रोटरी के द्वारा लोगों के लिए निशुल्क चेकअप कैंप भी लगाया जा रहा है। इसका भी लाभ भक्तजन उठा सकते हैं। पूजन और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से शुरू हो जायेगा। दोपहर 12:30 बजे से भंडारे की शुरूआत की जायेगी।

22 जनवरी को राममय होगा पूरा पहाड़ी मंदिर : पहाड़ी मंदिर विकास समिति

रांची (आजाद सिपाही)। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर रांची पहाड़ी मंदिर में महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार को रांची के पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पहाड़ी मंदिर मुख्य कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। इस संबंध में समिति के सचिव राकेश सिन्हा, राजेश साहू, बादल सिंह ने अपनी बात रखी और धन्यवाद ज्ञापन समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति ने सफल आयोजन के लिए अरुण वर्मा, मेहुल प्रसाद और राजकुमार तलेजा को कार्यक्रम संयोजक बनाया है। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि पहाड़ी मंदिर में 22 जनवरी को प्रातः 7:00 बजे से प्रभु श्री राम का रंगोली बनाया जायेगा, संगीतमय सुंदरकांड का पाठ के साथ ही दिन के 1:00 बजे महाआरती का आयोजन किया जायेगा। जब अयोध्या में आरती होगी तो उसी वक्त यहां पर भी महाआरती का आयोजन और महाआरती के पश्चात महा भंडारे का आयोजन किया जायेगा। अपराह्न 2:00 बजे से देर रात्रि तक भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। शाम में मंदिर परिसर के आस-पास 1008 दीपों से मंदिर को भव्य रूप से सजाया जायेगा। साथ ही राम रूप में श्रृंगार कर राम दरबार लगाया जायेगा और राम जानकी के स्वरूप की आरती की जायेगी। अपील किया की 22 जनवरी को अपने घरों में दीप जलाएं और प्रभु श्री राम का स्मरण कर आरती करें। अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को समिति द्वारा एलइडी की व्यवस्था कर मंदिर परिसर के बाहर लाइव टेलीकास्ट कराया जायेगा। इस मौके पर राम सिंह, दीपक नंदा, उर्मिला चौधरी, बेबी गाड़ी, अर्चना मिर्धा, राजकुमार तलेजा, पालटू दा सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित थे।

ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी एक अनोखी पहल : डॉ विनोद राय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नेसा फाउंडेशन शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के मध्यम से निरंतर नया प्रयास करता रहा है। नेसा फाउंडेशन और कस्तूरियन एकेडमी के मध्य एक समझौता (एमओयू) ऑनलाइन निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा संबंधित तैयारी के लिए किया गया। कस्तूरियन एकेडमी, नेसा फाउंडेशन के सहयोग से उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्रों को निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करेगा। कस्तूरियन एकेडमी की ऑनलाइन निःशुल्क कक्षा का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विनोद कुमार राय ने किया। डॉ राय ने कहा कि शिक्षा वर्तमान समय में काफी महंगी हो गयी है। इसके उपरांत भी छात्र प्रतियोगी परीक्षा के लिए महंगे कोचिंग के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। नेसा फाउंडेशन और कस्तूरियन एकेडमी की प्रतियोगी परीक्षा संबंधी तैयारी निःशुल्क करवाना एक अनोखी पहल है। ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से झारखंड ही नहीं संपूर्ण भारत के लोगों को

लाभ प्राप्त होगा। कस्तूरियन एकेडमी के निदेशक प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से शिक्षक शिक्षा, शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनइटी) सहित अन्य उच्च शिक्षा संबंधी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। भविष्य मे गुणवतापूर्ण शिक्षकों की उपलब्धता के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) की भी तैयारी करायी जायेगी।

इच्छुक विद्यार्थी nesafoundation.com वेबसाइट के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। कस्तूरियन एकेडमी के माध्यम से ऑनलाइन कक्षा के साथ-साथ अध्ययन सामग्री, जांच परीक्षा, साक्षात्कार की भी सुविधा है। नेसा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रियतमा शुभारंभ कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि इस पहल के लिए नेसा फाउंडेशन सहित लाभन्वित होने वाले विद्यार्थी और अभिभावक कस्तूरियन एकेडमी के निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी कोचिंग के लिए कृतज्ञ रहेंगे। इस शुभारंभ कार्यक्रम में ऑनलाइन और प्रत्यक्ष रूप से विद्यार्थी, अभिभावक तथा नेसा फाउंडेशन के सदस्य उपस्थिति रहे।

महिलाओं को प्राथमिकता देना सिक्योरिटी कंपनी की पहल प्रशंसनीय है : सरयू राय

कुमार विक्रांत सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा.लि के कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के बिरसा चौक स्थित कुमार विक्रांत सिक्योरिटी सर्विसेज प्रालि के कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को विधायक सरयू राय ने किया। श्री राय ने उद्घाटन के दौरान स्वर्गीय विक्रांत सिंह को याद करते हुए माल्यार्पण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

श्री राय ने कहा कि इस सिक्योरिटी कंपनी की पहल प्रशंसनीय है। इसमें महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रार्थना करते हैं कि कंपनी खूब तरक्की करे। वहीं कुमार विक्रांत सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की डायरेक्टर

रेणुका सिंह ने कहा कि हमारी कंपनी में लगभग 75 प्रतिशत महिला सुरक्षाकर्मी हैं। इन्हें रिटायर्ड सैनिक द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। आनेवाले समय में पूरे राज्य में इसका विस्तार किया जायेगा। इस अवसर पर कुमार विवेक सिंह चौहान सीइओ, कुमार विक्रम सिंह चौहान सीएमओ, कुमार विशाल सिंह चौहान डायरेक्टर, कुमार विशांत सिंह चौहान सीडीओ भी मौजूद थे।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए जारी निर्देश स्वागत योग्य : आलोक दुबे

पासवा मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए नियमावली एवं शुल्क निर्धारण की मांग करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश पासवा के आलोक कुमार दुबे ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए जारी निर्देशों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, भ्रामक दुष्प्रचार, झूठे दावे एवं बच्चों को मानसिक दबाव देकर आत्महत्या

करने को मजबूर करने वाले कोचिंग संस्थानों के अत्याचार पर कुछ न कुछ रोक अवश्य लगेगा। कोचिंग संस्थानों में 16 साल से नीचे के बच्चों के दाखिले पर भी रोक निसंदेह महत्वपूर्ण निर्णय है। शिक्षा मंत्रालय का यह फैसला भी काफी सराहनीय है जिसमें भ्रम पैदा करने वाले विज्ञापन, पढ़ाई के दौरान बीच में पाठ्यक्रम छोड़ने वाले छात्रों की बची हुई अवधि की फीस लौटाने का कानून बनाया है। आलोक दुबे ने कहा पासवा ने समय-समय पर कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए एक नियमावली बनाये जाने की मांग केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से लगातार करती रही है। उन्होंने कहा कि पासवा मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए नियमावली एवं शुल्क निर्धारण की मांग करेगा।

बदलाव नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की तैयारी में : झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ

शिक्षक प्रोन्नति नियमावली के कुछ बिंदुओं पर राज्य के शिक्षक हो रहे प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी और जिला इकाई के साथ एक आनलाइन बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू की अध्यक्षता में किया गया। इसका संचालन प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने किया। इसमें विभिन्न जिलों से जुड़े शिक्षकों ने कहा कि अपने अपने जिलों से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 के ड्राफ्ट पर विभाग द्वारा जारी ई-मेल में अपने सुझाव और आपत्ति प्रेषित कर रहे हैं। इस प्रोन्नति नियमावली के कुछ बिंदुओं पर राज्य के हजारों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं और सभी शिक्षक इसमें बदलाव नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की तैयारी में हैं। प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने बताया कि संघ द्वारा प्रोन्नति नियमावली पर मंतव्य के साथ-साथ तार्किक सुझाव प्राथमिक शिक्षा निदेशक कार्यालय में जमा कर दिया गया है। पुरे राज्य के शिक्षकों से मिले सुझावों को समेकित करते हुए विभाग को ज्ञापन सौंपा गया है। आशा है कि विभाग इसपर संज्ञान लेते हुए एक सार्थक और सभी पक्षों के हितों को समाहित करते हुए नियमावली में आवश्यक संशोधन करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने कहा कि इस नववर्ष में संघ शिक्षक हितों की रक्षा और उन्हें अवसर और अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पास अवर शिक्षा सेवा नियमावली के अंतर्गत होने वाले नियुक्ति और प्रोन्नति में प्राथमिक शिक्षकों के लिए भी आरक्षण देने और मुख्यमंत्री के पास एमएसीपी लागू करने के लिए तार्किक सुझाव सह मांग पत्र भी सौंपा गया। प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष मो कयामुद्दीन ने कहा कि संघ के लिए शिक्षा और शिक्षक हित सर्वोपरि है। प्रोन्नति नियमावली बननी चाहिए, परंतु यह भेदभाव पूर्ण नहीं होनी चाहिए। प्रोन्नति नियमावली पर बने प्रमंडलीय प्रभारी - डी के शुक्ला, ब्रजमोहन यादव, सुमित नंद, प्रकाश हर्षवर्धन, राकेश कुमार ने बताया कि यदि नियमावली में व्याप्त विसंगतियों और भेदभावपूर्ण बिंदुओं पर विचार करते हुए परिवर्तन नहीं किया जाता है तो जिला से लेकर राज्य तक आंदोलन किया जायेगा। पूर्व की बैठक में निर्धारित आंदोलन की रूपरेखा और तैयारी पर समीक्षा की गयी।

थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर का इलाज अब पारस अस्पताल में

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश में सामान्य तौर पर इस बीमारी का इलाज उपलब्ध नहीं था, हालांकि कुछ अस्पतालों में थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर (फूड पाइप कैंसर) की सर्जरी के माध्यम से इलाज किया गया है। लेकिन अब रांची के पारस एचइसी अस्पताल में थोरैसिक और फूड पाइप कैंसर का नियमित रूप से डॉ प्रभात कुमार रैना की निगरानी में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी।

संबंधित मामले में रांची के पारस एचइसी अस्पताल प्रांगण में मीडिया वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें पारस एचइसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार सहित क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ शिव अक्षत, मेडिकल ऑनकोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ गौरव

कुमार एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सक और कर्मी उपस्थित रहे।

पारस एचइसी अस्पताल के कैंसर सर्जन डॉ प्रभात कुमार रैना ने बताया कि फेफड़े की यह बीमारी ज्यादातर तंबाकू के सेवन से होती है और कैंसर की सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक है। इस बीमारी का सर्जरी से इलाज संभव है, जो मरीज को एक सामान्य जीवन दे सकता है। रांची के पारस एचइसी अस्पताल में कैंसर की उत्कृष्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

पारस एचइसी अस्पताल के क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ शिव अक्षत ने कहा कि इस जटिल सर्जरी में एनेस्थीसिया की टीम के साथ-साथ सर्जिकल और क्रिटिकल केयर की टीम के बेहतर समन्वय के कारण मरीज को एक स्वस्थ जीवन देने में सफलता पायी है।

पारस एचइसी अस्पताल रांची के मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ गौरव कुमार ने मीडिया को बताया कि इस तरह के कैंसर के मरीज ज्यादातर ठीक हो सकते हैं। मौके पर मौजूद पारस एचइसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस में कैंसर की सुविधाओं में काफी विस्तार हुआ है। अब यहां पहले से उपलब्ध मेडिकल ऑनकोलॉजी के साथ-साथ सर्जिकल ऑनकोलॉजी की सुविधा भी उपलब्ध है। अब पारस एचइसी अस्पताल में अब एडवांस कैंसर का इलाज उपलब्ध है। हमारे यहां डॉ प्रभात कुमार रैना जैसे अनुभवी चिकित्सक हैं।

शैलेंद्र सिंह बने रांची जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रोटोकॉल प्रभारी

रांची (आजाद सिपाही) कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह को रांची जिला महानगर कांग्रेस कमिटी का उपाध्यक्ष सह प्रोटोकॉल प्रभारी मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन रांची जिला महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा ने किया। शुक्रवार को डॉ. राजा ने श्री सिंह को मनोनयन पत्र सौंपते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि श्री सिंह अपने कर्तव्यों का

निर्वहन पूरी निष्ठा, कर्मठता और सक्रियता के साथ करेंगे। कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आमजन तक पहुंचाते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हाथों को मजबूत करेंगे। साथ ही पार्टी का जनाधार बढ़ाने में भी सक्रिय सहभागिता निभायेंगे। शैलेंद्र सिंह के रांची जिला महानगर कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष बनने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस नेता सुनील सहाय, दीपक प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई दी।

बच्चों की शिक्षा में बड़ी चुनौती

देश के ग्रामीण हिस्सों में स्कूली बच्चों की शिक्षा की स्थिति पर एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसइआर) का ताजा संस्करण पहली नजर में जरूर चिंतित करता है, लेकिन समग्रता में देखने पर साफ हो जाता है कि हालात निराशाजनक नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण हैं। 14 से 18 साल के आधे से ज्यादा बच्चे अगर तीसरी-चौथी क्लास के मैथ के सिंपल डिविजन प्रॉब्लम सॉल्व न कर सकें, तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जा सकती। वजह यह है कि डिविजन करने की क्षमता को व्यावहारिक जीवन में काम आने वाली बुनियादी गणनाओं के लिए जरूरी माना जाता है। खास बात यह कि इन स्टूडेंट्स का एक बड़ा हिस्सा जॉब मार्केट से कुछ ही कदम दूर है, लेकिन इस तथ्य को भुलाया नहीं जा सकता कि इस उम्र समूह के लोगों को रिपोर्ट में पिछली बार 2017 में कवर किया गया था और इस दौरान देश-दुनिया ने कोरोना महामारी की जबर्दस्त चुनौती झेली है। खास कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई तो कोरोना काल में लगभग ठप ही हो गयी थी।

चुनौती बड़ी इसलिए भी है कि स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं है, क्योंकि बड़ी कक्षा में आने के बाद टीचर्स उसी क्लास के टेक्स्ट बुक को फॉलो करते हैं। उनके लिए बच्चों की बुनियादी समझ पर ध्यान देना मुश्किल होता है।

महामारी के संदर्भ में रिपोर्ट की दो बातें खास तौर पर ध्यान खींचती हैं। एक तो यह कि 89 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जिनके घर में स्मार्ट फोन है। वहीं, 92 फीसदी बच्चों ने बताया कि वे स्मार्ट फोन चलाना जानते हैं। निश्चित रूप से इसके पीछे महामारी के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई की मजबूरी का बड़ा हाथ माना जा सकता है। दूसरी बात यह कि एनरोलमेंट की संख्या (86.8 फीसदी) का 2017 (85.6 फीसदी) से ज्यादा होना बताता है कि महामारी के दौरान आजीविका के नुकसान के चलते ज्यादातर बच्चों के दोबारा स्कूल न लौटने का डर गलत साबित हुआ है। हालांकि इसी रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि करीब एक तिहाई बच्चे 12वीं से आगे नहीं पढ़ते। लड़कों के मामले में ड्रॉप आउट की सबसे बड़ी वजह रुचि की कमी पायी गयी, तो लड़कियों के मामले में पारिवारिक मजबूरी। निश्चित रूप से डेमोग्रैफिक डिविडेंड पर ध्यान केंद्रित किये एक युवा देश के लिए यह चिंता की बात है। मैथ्स की बात हो या लैंग्वेज की, पढ़ाई में पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नयी बात नहीं। एएसइआर की ही पिछली रिपोर्टों में यह बात रेखांकित की जाती रही है, लेकिन यह कोई बचाव नहीं हो सकता। चुनौती बड़ी इसलिए भी है कि स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं है, क्योंकि बड़ी कक्षा में आने के बाद टीचर्स उसी क्लास के टेक्स्ट बुक को फॉलो करते हैं। उनके लिए बच्चों की बुनियादी समझ पर ध्यान देना मुश्किल होता है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, लेकिन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने की राह पर बढ़ रहा देश इस चुनौती से मुंह नहीं मोड़ सकता।

अभिमत
आजाद सिपाही

देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी जी तेजी से आगे ले गये। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो।

पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय समूहों के लिए एक आशा की किरण

अर्जुन मुंडा

जनजातीय सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आजादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके एजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर दूर तक कहीं नजर नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। मूलभूत सुविधाओं की कमी और राजनैतिक उपेक्षाओं के कारण जनजातीय समाज मुख्यधारा से दूर रह गया। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी जी तेजी से आगे ले गये। जनजातीय समाज को राजनैतिक एवं सामाजिक ढंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महा अभियान प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) का शुभारंभ किया। यह एक ऐसी परियोजना है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी, लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं, जिंदगी को जोड़ना चाहता हूं।

हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गये आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। पीएम जन मन के इस महान अभियान के द्वारा भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। पीवीटीजी समुदाय अक्सर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं। पीएम जन मन अभियान को आरंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं, बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूं। यह प्रधानमंत्री की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गयी।

जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आइइसी) अभियान की शुरुआत की है।

पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाये गये, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत 2 माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 1 लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटो में 1200 किलोमीटर सड़के बनाने की स्वीकृति दे दी गयी है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलो में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्री बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आइटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनायी है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने, बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

यह संयुक्त पहल, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मेघालय और झारखंड में 60 वन धन विकास केंद्रों को लक्षित करते हुए एक अग्रणी पायलट परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। ये केंद्र विशेष रूप से अति पिछड़े जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) सहित स्थानीय जनजातीय समुदायों को हल्दी जैसे उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे, जिससे बेहतर पारिश्रमिक हासिल किया जा सकेगा।

वन धन विकास केंद्रों में अपनी व्यापक भागीदारी के साथ कच्ची जैविक हल्दी की खरीद के लिए 15,000 से अधिक आदिवासियों के एकत्रीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राइफेड अग्रसर है। ट्राइफेड जैविक प्रमाणीकरण और ई-कॉमर्स प्रयासों के लिए वित्त पोषण का नेतृत्व करेगा, जबकि आइटीसी अपने स्थापित ग्राहक नेटवर्क के भीतर जैविक हल्दी को एक उप-ब्रांड के रूप में एकीकृत करेगा।

बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में प्रदर्शित किया जायेगा, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विपणन मंच तैयार होगा।

क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, www.tribesindia.org पर निर्देशित किया जायेगा। यह पहल न केवल पीवीटीजी शिल्प कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि विदेशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से इन उत्पादों की मांग को भी प्रोत्साहित करती है। ट्राइफेड का प्रयास न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, बल्कि इन आदिवासी समुदायों द्वारा तैयार किये गये अद्वितीय उत्पादों के लिए वैश्विक उपस्थिति भी स्थापित करता है। परंपरा और नवीनता का मिश्रण अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को आकर्षित करने और आत्मनिर्भर भारत की व्यापक दृष्टि में योगदान करने के लिए तैयार है। 1000 स्प्रिंग्स पहल के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी बाहुल क्षेत्रों में सुरक्षित और पर्याप्त पानी तक पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से 100 जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में 1000 प्राकृतिक झरनों को पुनर्जीवित करने का काम किया जायेगा। इस पहल के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ तालमेल से इन क्षेत्रों के लोगों में इस विषय के प्रति जागरूकता पैदा करना, जनजातीय युवाओं को पैरा-हाइड्रोलॉजिस्ट के रूप में कौशल प्रदान करना, आदि शामिल होगा।

जनजातीय समूहों को देश की मुख्यधारा में सम्मिलित करने हेतु 22 जून को एक ऐतिहासिक कदम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 75 पीवीटीजी समुदाय के अतिथियों का अभिनंदन किया। उनमें से बहुत से जनजातीय भाई बहन ऐसे थे, जो पहली बार जंगल और गांव से बाहर निकले और शहर आये। जब उन्होंने राष्ट्रपति से बातचीत की और लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने उन्हें संबोधित किया तो सत्ता के गलियारे इन हाशिए पर मौजूद समुदायों की आवाज से गूंज उठे। इस अभूतपूर्व आयोजन ने न केवल पीवीटीजी के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को स्वीकार किया, बल्कि उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की, जहां उनकी चिंताओं को सुना जायेगा और उन पर कार्रवाई की जायेगी।

पीएम जनमन अभियान, जनजातीय गौरव दिवस समारोह, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में 75 पीवीटीजी के सदस्यों को निमंत्रण और उनसे व्यापक बातचीत, देश के गरीब, वंचित और पीड़ितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता की एक व्यापक तस्वीर पेश करती है। जैसे जैसे राष्ट्र इस नए परिवर्तन को अपना रहा है, प्रधान मंत्री श्नरेंद्र मोदी की कही बात याद आ रही है, हमारी यात्रा लंबी है, लेकिन हमारा संकल्प दृढ़ है। हम साथ मिल कर एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां कोई भी समुदाय पीछे नहीं रहेगा, और हर भारतीय राष्ट्र की प्रगति में बराबर का भागीदार होगा।

(लेखक : केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

मंदिर हमारे गौरवबोध के परिचायक, संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है : ललित दास

प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान के तहत लोक समर्पण ने चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशव्यापी 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को लौहनगरी जमशेदपुर की सामाजिक संस्था लोक समर्पण के द्वारा भालूबासा जोड़ा मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष ललित दास सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने श्रमदान कर मंदिर परिसर में साफ सफाई की। मौके पर संस्था के सदस्यों ने मंदिर में उपस्थित दर्शनार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। संस्था के अध्यक्ष ललित दास ने कहा श्री रामलला के आगमन पर पूरे भारतवर्ष में उत्साह का वातावरण है। 500 वर्षों के कठिन संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य महल में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा, मंदिर हमारे गौरवबोध के परिचायक हैं। मंदिर का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। समाज को भेदभाव से दूर रह कर एक सूत्र में बांधने की जरूरत हैं। ललित दास ने कहा कि 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए शहर के जरूरतमंद परिवार के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया जायेगा।

इस अवसर पर संस्था के सचिव नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, ज्ञान सिंह चौहान, रूपेश साहू , प्रदीप दुबे, रितेश दत्ता, दीपक सिंह, अंकित अग्रवाल, अमृत सिंह, धीरज कुमार सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

गोबिंदपुर बड़ा गधड़ा में टुसू मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। गोबिंदपुर बड़ा गधड़ा में महुल बागान क्लब के द्वारा विशाल टुसु मेला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित टुसु मेला में मुख्य अतिथि झामुमो उड़ीसा प्रदेश के केंद्रीय महासचिव दुबराज नाग, विशिष्ट अतिथि झामुमो मजदूर नेता सह सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामन्त शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से मेला का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर दूर दरार से सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए। बड़ा गधड़ा गांव में बीते 1973 से टुसु मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में मुर्गा पाड़ा का भी आयोजन किया गया। मौके पर टुसू लेकर पहुंचे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार बड़ा गधडा के टुसू को नगद 6000, द्वितीय पुरस्कार छोटा गधड़ा के टुसू को नगद 4000, तृतीय पुरस्कार डोमजूडी को 3000, चौथा पुरस्कार गधड़ा लखन सामड की टीम को 2000 अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिरजू पात्रों, विश्वजीत भगत, मुखिया शिवलाल लोहरा, बिरेन स्वर्णकार, विवेक गुप्ता, राकेश सिंह, संतोष गोप, लक्ष्मण मुंडा, गौर मित्रा,छोटे सरदार, गणेश भूमिज, गोरा चांद पूर्ति साहिर सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

गोपाल मैदान में झारखंडवासी एकता मंच का कल होगा भव्य टुसू मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर। झारखंड वासी एकता मंच की ओर से इस वर्ष भी बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आगामी 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को सोनारी निर्मल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो, मुख्य संयोजक सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने पत्रकारों को दी। मौके पर उन्होंने बताया टुसू मेला में टुसू प्रतिमा, चौड़ल लेकर आनेवाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये जायेंगे। साथ ही बूढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी नगद इनाम दिए जायेंगे। कुल मिलाकर मेला में आने वालों पर पुरस्कारों की बारिश होगी। सांसद ने बताया कि इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। मेला में इस बार भी झारखंड के विभिन्न जिला सहित पश्चिम बंगाल तथा ओड़िशा के कई जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे। लाखों की संख्या में लोग मेला में शामिल होंकर आनंद उठायेंगे। सांसद ने बताया सुबह 10 बजे से प्रतिभागियों का आगमन मैदान में आरम्भ हो जायेगा। इस दौरान टुसू प्रतिमा, चौड़ल, बूढ़ी गाड़ी नाच के अलग अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया, इसकी शुरूआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्वर्गीय सुनील महतो के द्वारा की गयी थी। तभी से लेकर आज तक झारखंड की संस्कृति और परंपरा को कायम रखने के लिए हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जा रहा है। आस्तिक महतो ने बताया कि मेला में होनेवाली भीड़ को देखते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे। इसमें प्रशासन के साथ साथ मंच के कार्यकर्ता भी लोगों की सहूलियत अनुसार उपलब्ध रहेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो, फर्णीद्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, करमु हांसदा, युगल किशोर मुखी, सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, हसीन अहमद, गोपाल महतो, चुनका मार्डी, नारायण महतो, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा, कैलाश, दिलजय सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

सोनारी में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अयोध्या मे होने वाले राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे सोनारी राम मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को भाजपा सोनारी मंडल के द्वारा आयोजित बैठक में भाजपा महानगर के पूर्व जिला अध्यक्ष सह राम मंदिर कार्यक्रम के संयोजक विनोद सिंह उपस्थित रहे। बैठक मे निर्णय लिया गया 21 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। 22 को श्रद्धालुओं के द्वारा 11000 दीप प्रचलित किया जायेगा। मौके पर भोग का वितरण किया जायेगा। वही संध्या बेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। विनोद सिंह ने सोनारी मंडल को कार्यक्रम मे बढ चढ कर हिस्सा लेने के लिए आग्रह किया।

मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार ने कहा 550 वर्ष का प्रयास आज रंग लाया है। सोनारी मंडल के सभी कार्यकर्ता बढ चढ कर हिस्सा लेंगे। बैठक का संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल तिवारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, प्रदीप सिंह, नारायण प्रसाद,संजय रजक, सतेंद्र सिंह यादव, शंकर सिंह, शंभु राम, प्यारे लाल साहू , उदय ठाकुर, महेंद्र सिंह यादव, विष्णु हरपल, आशिष जयस्वाल, उमंग जी, बिराज दै, काजल मुखर्जी, कृष्णा, नरेश, राहुल भट्टाचार्य, दिपक, शंकर, पियुष, लालू, दिलीप सहित अन्य शामिल रहे।

सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा गढ़वा का हर कोना : मिथिलेश ठाकुर

कोरवाडीह - करकोमा पथ का होगा निर्माण, एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण होंगे लाभांवित

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले के गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह से करकोमा तक सड़क का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करकोमा पीडब्ल्यूडी पथ नहर से लुगलईया होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ कोरवाडीह तक पथ का निर्माण कार्य किया जायेगा। चार करोड़ 53 लाख 89 हजार तीन सौ रुपये की लागत से 4.25 किमी सड़क का निर्माण होगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने इस सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क निर्माण से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों की इस सड़क निर्माण की मांग थी, जो अब पूरी हो गयी है। इस सड़क के निर्माण से गढ़वा के लोगों को करकोमा, कजराठ, बिछियादामर, देवगाना, दतवनिया, डंडई और धुरकी जाना आसान हो जायेगा। मंत्री ने कहा कि जिस दिन से गढ़वा के लोगों ने उन्हें क्षेत्र की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसी दिन से लगातार दिन रात परिश्रम कर पूरे गढ़वा को सभी क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगे हुए हैं। आज उनके प्रयास और जनता के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि गढ़वा की स्थिति में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि गढ़वा का कोना-कोना सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हो। इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में हेमंत सरकार ने विकास की जो लंबी लकीर खींची है यही विरोधियों को पच नहीं रहा है। विपक्ष के लोग लगातार गरीब-गुरबों की आवाज दबाने एवं झारखंड का विकास बाधित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फिर भी हेमंत सरकार इन षड्यंत्र से बिना डरे हुए लगातार जनहित की बेहतर कार्य को कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। झारखंड की जनता का आशीर्वाद हेमंत सरकार के साथ है। किसी भी राजनीतिक दल के षड्यंत्र का असर इस सरकार पर नहीं होने वाला है।

भ्रष्टाचार पलायन और मूलभूत समस्याओं को लेकर बैठक

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। शिव मंदिर परिसर में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में भ्रष्टाचार पलायन और मूलभूत समस्याओं को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव पारस बियार द्वारा किया गया। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कैसे हो, इस विषय पर चर्चा की गयी। जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों पर सहमति जताते हुए नियोजन नीति में सुधार और 1932 खतियान लागू करने से संबंधित कई सारे मुद्दों पर चर्चा की गयी। भवनाथपुर विधानसभा मे युवाओं द्वारां जन क्रांति का आगाज किया गया।बैठक में विजय महतो, अतुल कुमार गुप्ता,अनिल कुमार गुप्ता, विकास पासवान, आनंद पासवान, अगस्त, शत्रुघन, धर्मेंद्र कोरवा, विकास बियार, जयप्रकाश, अमित, शैलेश, शिव और दिलीप उपस्थित थे।

विभागीय स्तर पर उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करने पर किया विरोध प्रदर्शन

मेराल (आजाद सिपाही)। विभागीय स्तर पर उर्दू शिक्षकों का पद समाप्त करने पर राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन जिला गढ़वा के लोगों ने दुलदुल्वा गांव से शुक्रवार को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद फिरोज अंसारी ने बताया कि राज्य के वर्तमान सरकार द्वारा उर्दू प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की सीधी नियुक्ति होनी थी, परंतु हेमंत सरकार ने इसको बंद कर दिया है, जिससे उर्दू विषय पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय में वंचित हो जायेंगे। बहाली बंद करने से उर्दू विषय से बहाल होने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने हेमंत सरकार से इस बहाली को विचार करते हुए पुनः सीधी बहाली को लागु करने का मांग किया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में फिरोज अंसारी, रशीद, हाजी अकलीम, हाजी निजामुद्दीन, शमीम, अहमद, हाफिज कासिम, हकीमुद्दीन, बदरुद्दीन सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

युवा व्यवसायी के निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की गयी

मझिआंव (आजाद सिपाही)। पलामू प्रमंडलीय पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता और अधिकार मंच के प्रमंडलीय संयोजक असफी चंद्रवंशी ने मझिआंव में प्रेस वार्ता कर पलामू जिला के छतरपुर थाने के समीप अपराधियों द्वारा एक युवा व्यवसायी को दिनदहाड़े गोली मारकर किये गये निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की गयी। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि गुरुवार को दिन में लगभग 4:30 बजे बिहार के हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम कुमार गुप्ता को बेलगाम अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। जिसमें प्रशासन की निष्क्रियता साफ झलक रही है, साथ ही उन्होंने प्रशासनिक महकमा पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन भी अपराधियों से मिलकर अपना अपराधिक व्यापार कर रहा है, जिसे पिछड़ा वर्ग एकता और अधिकार मंच कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी अभिलंब की जाय, नहीं तो ओबीसी मंच के बैनर तले प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जायेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रेसवार्ता में अशोक पाल, वीरेंद्र चंद्रवंशी, पिंकू सोनी, अमर प्रसाद, धनंजय सोनी, सूर्य देव माली और दिलीप शामिल थे।

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

बरडीहा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी लक्ष्मण रजवार के पुत्र जितेंद्र रजवार को भवनाथपुर थाना के पूर्व वांछित आरोपी को बरडीहा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना के 2013 के वांछित आरोपी फरार चल रहा था। वहीं फरार अभियुक्त को बरडीहा थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि 124/ 13 अभियुक्त था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

डीएवी मॉडल स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आज डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक सुशील केसरी और राम प्रसाद मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष पूनम देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक साइंटिफिक वस्तुएं तैयार किये, जिसमें अनामिका कुमारी ने एटीएम, अमृतराज ने ट्यूबवेल, अर्पित कुमार चंद्रयान 3, नंदनी कुमारी रेफ्रिजरेटर, आध्या और आलिया ने फायर इन वाटर, शौर्य कुमार ने सभी प्रधानमंत्री को भारत के मानचित्र पर दिखाये। आर्या राज ने वॉटर डिस्पेंसर, अनमोल कुमार ने स्मार्ट सिटी, शौर्य अफजल फैजान ने वैक्यूम क्लीनर, अंशिका आराध्या शिवानी ने राम मंदिर, भावना निधि साक्षी आमरीन ने रूम हीटर, जेबाजाफरिन ने एयर पॉल्यूशन सिस्टम, को दिखलाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुलाम सरवर शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, मदन मोहन द्विवेदी, चंदन, आरती कुमारी, कोमल कुमारी, चांदनी, शिवानी, श्वेता, तान्या सोनी आदि उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक सुशील केसरी ने बताया कि बच्चों में साइंटिफिक सोच उत्पन्न करने की दृष्टि से साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया जाता है, इसमें बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा का पता चलता है। अतः विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

भाजपा नेता जवाहर पासवान को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन

गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष ने किया जवाहर पासवान को माला पहना कर सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के द्वारा ओम गणेश सुदामा धर्मशाला टंडवा में उमेश कश्यप के अध्यक्षता में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश नेतृत्व के द्वारा भाजपा नेता जवाहर पासवान को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर और राम मंदिर निर्माण के लिए कार सेवक मुरली श्याम सोनी को तत्कालीन सरकार के द्वारा जेल भेजने पर उनका भी सम्मान समारोह किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है, कि गढ़वा जिला से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा तीन प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने का कार्य किया गया। पहला भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, दूसरा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान, तीसरा पूर्व प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय। वहीं जवाहर पासवान ने कहा, पार्टी नेतृत्व जिस विश्वास के साथ हमें प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाने का कार्य किया है, मैं पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लूंगा और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को पूरे 14 लोकसभा सीट पर विजय दिलाने का कार्य करूंगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा, बहुत खुशी की बात है कि जन-जन के नेता को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया और मेरे द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष करने पर पूर्व की सरकार ने मुझे जेल भेजने का काम किया था। मौके पर उपस्थित पूर्व जिला महामंत्री ब्रजेश उपाध्याय पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश कश्यप भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष लखन गुप्ता, टिंकू, सतेंद्र, चंदन, संतोष समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विशुनपुरा में सम्मान समारोह का आयोजन

विशुनपुरा। भाजपा विशुनपुरा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विशुनपुरा के अमहर में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य बाईक रैली का आयोजन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, आनेवाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा पुर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी। मोदी सरकार ने देश में विकास का नया इतिहास रचा है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे भाजपा मंडल अध्यक्ष अवध गुप्ता भाजयुमो जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान नवीन जायसवाल जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, अनुसूचित जाती मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान, कृष्णा विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झामुमो: बूथ लेबल कार्यकर्ताओं की बैठक

रंका (आजाद सिपाही)। रंका झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता और युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू के संयुक्त अध्यक्षता में झामुमो प्रखंड इकाई के सात पंचायतों के बूथ लेबल कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 25 झामुमो कार्यकर्ताओं को तैनात किया गया है। ये कार्यकर्ता झारखंड सरकार के द्वारा किये गये कार्यों को जनमानस तक पहुंचाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें योजनाओं के लाभ लेने के लिए प्रेरित करेंगे। इस बैठक में जगदीश टोप्पो, विश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, गिरिवर राम, पवन यादव, शमशाद खान, ओमप्रकाश यादव, हरिहर सिंह, विजय राम, ललन यादव, प्रताप सिंह, उपेंद्र सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुखिया ने खाद्य सामग्री के साथ किया आर्थिक सहयोग

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने मृतक जोखन वियार के ब्रह्म भोज कार्यक्रम के लिए खाद्य सामग्री और आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने कहा कि दुख और सुख में हमेशा में साथ देने का कार्य करूंगा। इस मौके पर मृतक के परिजन के साथ-साथ नंदकिशोर प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, ओम नारायण गुप्ता मैना बाबू, रमेश, बुद्धि नारायण, हीरामन, गोपाल, राजदीप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने भंडरीया मंडल में बूथ पर दीवाल लेखन कार्यक्रम की शुरूआत किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गढ़वा जिले के भंडरीया मंडल में बूथ पर दीवाल लेखन कार्यक्रम की शुरूआत किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि अबकी बार फिर से मोदी सरकार के लिए जनमानस संकल्पित हो चुका है, मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है, भारत का मान विश्व में बढ़ा है। मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा मंडल महामंत्री विनय जयसवाल मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता, दिलीप तमोली, सुरेंद्र जयसवाल, जितु प्रजापति, रविंद्रा मुंडा अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेराल में झांकी के साथ निकाली जायेगी भव्य शोभा यात्रा, दीपोत्सव की तैयारी जोरों पर

मेराल (आजाद सिपाही)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मेराल में भव्य उत्सव मनाने को लेकर शुक्रवार को प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर प्रांगण में संचालन समिति की बैठक संजय भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 22 जनवरी को मां शायर देवी धाम प्रांगण में अयोध्या मे आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पर्दा पर दिखाने, मंदिर परिसर से झांकी निकालने, दीपोत्सव में 551 दीप जलाने, संध्या काल में भजन कीर्तन आयोजित करने तथा बजरंग दल के युवाओं द्वारा झांकी के साथ बाइक रैली निकालने तथा भंडारा करने का निर्णय लिया गया। मेराल के अलावा गोंदा, नेनुआ मोड़ दुर्गा मंडप, लातदाग, हासनदाग, करकोमा सहित कई गांवों में अखंड कीर्तन, झांकी, रैली, दीपोत्सव आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने की तैयारी की जा रही है।

केंद्र की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के ओबरा पंचायत और परिहारा पंचायत में स्थित पंचायत भवन के परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी जाति धर्म के लोगों को समान भाव से कई प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसमें 80 करोड लोगों को मुफ्त का राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछे है गढ़वा को अभी भी 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। साथ ही सभी लोगों को विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर ओबरा पंचायत और परिहारा पंचायत के मुखिया जी गढ़वा प्रखंड के पदाधिकारी गण सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

22 जनवरी का दिन देश के लिए ऐतिहासिक होगा : गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पावन अवसर आया है। पांच सौ वर्षों के बाद ऐतिहासिक और धार्मिक कार्य किया जा रहा है। देश के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। उक्त बाते पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह ने शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि 22 जनवरी का दिन देश के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड मुख्यालय के सभी शराब व मांस की दुकान बंद होना चाहिए ताकि उस रोज लोग शराब व मांस का सेवन नहीं करें। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला में एक दिन के लिए मांस और शराब की दुकानें बंद होनी चाहिए। इस संबंध में डीसी व एसपी को आवेदन देकर दुकान बंद कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों में 22 जनवरी को सरकारी छुट्टी कर दिया गया है। लेकिन झारखंड में अभी तक सरकारी छुट्टी घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार से मांग करते है कि यहां भी 22 जनवरी को सरकारी छुट्टी घोषित हो। क्योंकि यह मसला 140 करोड़ जनता की भावना से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर संजय कांस्यकार, गिरेंद्र पांडेय, राजकुमार मधेशिया, अरविंद मिश्रा, संतोष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement
Short Notice Inviting Tender

Reference No. - UDD/HMC/HZB/43/2023-24

1. Detail of work

Group No.	Name of work	Estimated Cost (Rs.)	Earnest Money	Cost of BOQ	Completion period for construction
1.	Repair of PCC Road and RCC Drain from H/o Pradeep Soni to Gondi River via H/o Navin Sinha in gali no. 06 from H/o Vikky Sinha to Gondi River in gali no. 03 and from H/o Vikash Verma to Gondi River in gali no. 05 and 08 in ward no. 24	89,97,216.66	1,80,000/-	11,800/-	120 Days
2.	Date of Publication of Tender on website	**20.01.2024 at 11:00 A.M.**			
3.	Last Date/Time of receipt of bids online	**27.01.2024 up to 5:00 P.M.**			
4.	Bid Opening date	**29.01.2024 at 11:00 A.M.**			
6.	Name & Address of office inviting tender	Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag.			
7.	Contact No. of Procurement officer	8219204356			

NOTE : • Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 316586 Urban Development and Housing(23-24)#D

Office of the District Election Officer-cum-DC, Hazaribag
Jharkhand-825301

e-Short Tender Notice

e-Short Tender Reference No. : 43, 44 & 45
NAME OF THE WORK : General Election Lok Sabha (GELS) – 2024 (Supply of Computer, Photocopier, Printer, Laptop, Desktop, Cartridge Etc, Supply of Food, Beverage and Various Materials&Supply of Polling Material.)
Tender Fee : 5000/- (Five Thousand) rupees
EMD Fee : 50,000/- (Fifty Thousand) rupees
NAME OF INVITING OFFICER : District Election Officer-cum-DC, Hazaribag
DATE OF PUBLICATION OF TENDER ON WEBSITE : 17.01.2024
LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF BID DOCUMENT ONLINE : 05.02.2024, 11 AM
DATE AND TIME OF OPENING OF BIDS : 06.02.202024, 11.30 AM
PLACE OF OPENING OF BIDS : Collectorate Office, 1st Floor, Meeting Hall
ADDRESS FOR COMMUNICATION : Office of the District Election Officer-cum-DC, Hazaribag

-: NIT Note :-
1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD.
2. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from Jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to the originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. NO Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However Department may ask original documents for verification before award of contract.
5. For further information and details please visit websites https://jharkhandtenders.gov.in or https://hazaribag.nic.in

District Election Officer
-cum-DC, Hazaribag.

PR 316494 Election(23-24)#D

सीआरपीएफ ने 40 लोगों को नासिक के लिए किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 40 आदिवासी युवा-युवतियों की टीम को महाराष्ट्र के नासिक और गुजरात के अहमदाबाद के लिए रवाना किया गया। 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह और द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर युवा-युवतयों को रवाना किया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के आदिवासी युवा-युवतियों को देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में मानसिक और कौशल विकास के लिए भेजा जाता रहा है। इस वर्ष 12 स्थलों देहरादून, जम्मू, नासिक, मुंबई, कोलकाता, पुणे, मैसूर, बेंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, नागपुर और लखनऊ के लिए 260 युवा-युवतियों को खूंटी जिले से भेजा जाना है। इस कार्यक्रम के दौरान युवा युवतियों को नासिक में 20 से 26 जनवरी और अहमदाबाद में 21 से 27 जनवरी तक रखा जायेगा। वे वहां की संस्कृति, कला और परिवेश से अवगत होंगे।

खान प्रभावित गांवों की सूची उपलब्ध करायें अधिकारी : डीसी

छात्रों को हॉकी एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में शुक्रवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की न्यास परिषद और प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पूर्व में ली गयी योजनाओं की समीक्षा की गयी। साथ ही नयी योजनाओं की स्वीकृति के संदर्भ में चर्चा की गयी। मौके पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को पूर्व में ली गयी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जिले में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित पंचायत गुटजोरा, मुरही, भंडरा, घुनसुली, लोधमा, लरता, बमरजा, डोडमा, अम्मा, सुंदारी, बिचना, हस्सा और सोदे के विभिन्न गांवों के प्रतिवेदन के आलोक में उपायुक्त ने गांवों के नाम का अनुमोदन किया। साथ ही जनप्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित अन्य गांवों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। जिले में जॉब आरिएंडटेड प्लेसमेंट प्रोगाम के तहत कोचिंग सेंटर की स्थापना एवं संचालन संबंधित योजना की स्वीकृति पर परिचर्चा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रारंभ में एक सौ विद्यार्थियों को जॉब आरिएंडटेड प्लेसमेंट प्रोगाम के तहत कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त सेंटर में एसएससी, सीजीएल, आईबीपीएस, रेलवे एवं एसआई की कोचिंग की व्यवस्था होगी। पॉलिटेकनिक कॉलेज छात्रावास, एरेंडा में एक सौ छात्रों को खेल प्रशिक्षण के लिए पॉलिटेकनिक कॉलेज छात्रावास की मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित योजना की स्वीकृति पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि उक्त कॉलेज के छात्रों को हॉकी एवं फुटबॉल का प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

बैठक में पंचायतों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों के जीर्णोद्धार के लिए योजना की स्वीकृति पर परिचर्चा के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा चयनित आंगनबाड़ी सेंटरों के मरम्मत कराने के प्रस्ताव स्वीकृति दी गयी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी कुलदीप मीणा, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, सभी प्रमुख शामिल थे।

महत्वपूर्ण खबरें

सोनाहातू और राहे में शांति समिति की बैठक

सोनाहातू/ राहे (आजाद सिपाही)। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है। शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने को लेकर सभी समुदायों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक किया गया। सोनाहातू थाना परिसर में इंस्पेक्टर रविन्द्र नाथ सिंह, बीडीओ सह सीओ खगेश कुमार, थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने सभी से आपसी भाई चारे के साथ शांति वातावरण में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को मनाने को कहा गया। बैठक में कहा गया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखा जायेगा एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी शेयर करने एवं असमाजिक भड़काऊ गाने बजाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। बैठक में मुकेश यादव, दलगोविंद महतो, सुरेंद्र सरदार, तुलसी प्रसाद महतो, करम सिंह महतो, मुखिया विकास सिंह मुंडा, भरत महतो, सदानंद महतो, जितेंद्र जयसवाल, आनंद कुमार, तपन कुमार तिवारी आदि मौजूद थे। इधर राहे ओपी में बीडीओ हारून रशीद, प्रभारी राम रेखा पासवान ने उपस्थित लोगों के साथ विधि व्यवस्था पर चर्चा किया। राहे के हर मंदिर और चौक चौराहे पर एलईडी के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रशारण किया जायेगा। दिन भर भजन कीर्तन, ओर भंडारा का आयोजन किया जाना है। बैठक में क्षेत्र मोहन महतो, अमजद अली, कासिम अंसारी, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, सुशांत सिंह, उमेश महतो, कृष्णा पातर, भजोहरी महतो, आदि मौजूद थे।

तमाड़ में टुसू चौड़ल मेला का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पुंडिदिरी पंचायत अंतर्गत लोंहड़ी टिमपुर गांव में जागृति मेला समिति ने एकदिवसीय टुसू चौड़ल मेला का आयोजन किया गया। जिसमे कयी अतिथि शामिल हुए। टुसु को पुरस्कृत किया गया। लोगों की खचाखच भीड़ थी, एक दुसरे का गले मिल कर पर्व का इजहार किया, बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिये गये। आयोजन समिति और ग्राम वासीयों को शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद दिया गया।

जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दशम के भैया-बहनों की विदाई

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज स्थित जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा-दशम के भैया-बहनों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक राम प्रवेश साहू, अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पांडेय, सचिव सरयू प्रसाद साहू, सह सचिव दीपक कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद साहू, सदस्य महेंद्र प्रसाद एवं मनोज उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के सचिव प्रसाद साहू, अध्यक्ष जितेंद्र नाथ पांडेय संरक्षक रामप्रवेश प्रसाद साहू एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ। विद्यालय के अधिकारी गण द्वारा भैया बहनों को आशीर्वचन एवं प्रधानाचार्य द्वारा आशिर्वचन के साथ धन्यवाद ज्ञापन एवं कक्षा दशम के कक्षाचार्य द्वारा अतिथि परिचय कराया गया। कक्षा दशम के भैया बहनों का विदाई कार्यक्रम में कक्षा नवम के भैया-बहन एवं कक्षाचार्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विद्यालय की ममता गुप्ता, रमाशंकर सिंह, विजय गुप्ता, सुशीला कुजूर, पिंकी कुमारी, रितिका कुमारी एवं लाल रतन जी का सहयोग रहा।

विधायक नीलकंठ मुंडा को दी बधाई

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र नायक के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विधायक नीलकंठ मुंडा के आवास पहुंचकर मुंडा को दूसरी बार भाजपा का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने नीलकंठ सिंह मुंडा को शुभकामनाएं दी। मौके पर लखींद्र नायक, सुरेश जयसवाल, जर्नादन मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कबड्डी खिलाड़ी जामताड़ा के लिए रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के निर्देश पर कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी के कई बच्चों को शुक्रवार को जामताड़ा लिए रवाना किया गया। जामताड़ा में जिन बच्चों का चयन हो जायेगा, उन्हें नेशनल लेवल कबड्डी में भाग लेने का मौका मिलेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष कुणाल भगत, सचिव आशा कुमारी (कोच), कोषाध्यक्ष सचिन कश्यप, विनय कश्यप उपस्थित थे।

पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना परिसर में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सह उद्घाटन को लेकर क्षेत्र मे विधि एंव शांति व्यवस्था को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टी, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित शांति समिति सदस्य एंव सभी धर्म समुदाय के लोगो से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

कोयला उद्योग में एमडीओ और रिविन्यू शेयरिंग मोड पर खदान के संचालन से उद्योग के अस्तित्व पर खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। एनसीओइए सीटू कार्यालय डकरा मे युनियन के क्षेत्रीय स्तर की एक आवश्यक बैठक रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं संचालन शैलेश कुमार ने किया। बैठक मे निर्णय लिया गया कि आगामी 16 फरवरी को होने वाली देश ब्यापी हड़ताल को कोयला उद्योग मे भी शत-प्रतिशत सफल बनाया जायेगा। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों को ऑने पौने दाम पर कोयला खदानो को देने के लिए पुरी तैयारी कर ली है। वर्ष 2014 के बाद से कोयला खदानो को निजी मालिकों के हाथ मे सौपने के लिए चार कानूने बदल चुकी है। अब इन कानूनों के अनुसार कोई भी कोयला खदान प्राइवेट मालिक बिना रोक टोक के चला सकते है। कोयला निकाल कर अपने से रेट तय कर बेच भी सकते है। उन्हे सरकारी कर्मियों को मिलने वाली वेतन अपने मजदूरों को देने की बध्यता भी नही है। इसी कड़ी मे अब कोयला खदान एमडीओ मोड यानि माइन डेवलपर एंड ऑपरेशन सिस्टम और उत्पादन का कुछ हिस्सा सरकार को देने यानि रिवेन्यू शेयरिंग के सिस्टम से खदान चलाने की तैयारी केंद्र सरकार के द्वारा की जा रही है। इससे कोयला उद्योग का जो वर्तमान ढांचा है वह समाप्त हो जायेगा, और मजदूरों का जेबी सीसीआई, एवं अन्य कमिटियों के माध्यम से होने वाले वेतन समझौता, बोनस, प्रमोशन पौलिसी इत्यादि समाप्त हो जायेगी। कोयला उद्योग मे सरकारी मजदूरो की बहाली नही होगी, सारा काम प्राइवेट मजदूरों से करवाया जायेगा। उनको वेतन भी मनमाने ढंग से दिया जायेगा। यानि कोयला उद्योग पुरी तरह से प्राइवेट हाथो मे चला जायेगा। इसी खतरा को भापते हुए सीटू के द्वारा पूरे देश मे सशक्त आंदोलन छेड़ दिया गया है। तथा नारा दिया गया है। कोयला उद्योग बचाओ देश बचाओ, कोयला उद्योग को निजी मालिकों को सौपने वाली सरकार को देश के गद्दी से दूर भगाओ।

इस कार्यक्रम के तहत इस क्षेत्र में भी सभी जगह गेट मीटिंग, धौरा मीटिंग, सघन प्रचार अभियान चलाया जायेगा। तथा मजदूरों एवं आम जनता से कोयला उद्योग बचाने की लड़ाई में शामिल होने की अपील की जायेगी। तथा 16 फरवरी 2024 को होने वाली देश ब्यापी हड़ताल मे शामिल होने की अपील की जायेगी। बैठक मे बरून कुमार गोराई, राम प्रवेश राम, केदार यादव, मोहन पांडेय, राकेश कुमार, शिव राम सेठी, के एम तिवारी, कल्लू गंझु, लालजीत गंझु साहित युनियन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

22 जनवरी के धार्मिक अनुष्ठानों पर नजर रखेगी स्थानीय पुलिस

आजाद सिपाही सवांददाता

खलारी। अयोध्या धाम में श्री रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को खलारी अंचल क्षेत्र में होने वाले धार्मिक आयोजनों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर खलारी अंचल में एक बैठक की गयी। अध्यक्षता अंचल अधिकारी एसपी आर्य ने की। बैठक में खलारी व मैकलुस्कीगंज थाना प्रमुख उपस्थित थे। बैठक के दौरान 20 जनवरी को खलारी बाजारटांड़ की महिलाओं द्वारा निकाले जाने वाले शोभायात्रा को लेकर पुलिस बलों के साथ दो दंडाधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही 22 जनवरी तक होने वाले सभी धार्मिक अनुष्ठानो पर नजर बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह, अवर निरीक्षक सुमित कुमार, खलारी थाना के अवर निरीक्षक संदीप कुमार मौजूद थे।

विधायक ने कुंजला में कार सेवकों को किया सम्मानित

खूंटी (आजाद सिपाही)। अयोध्या नगरी में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा सामरोह को लेकर खूंटी के विधायक और भाजपा कें वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला स्थित त्रिदेव मंदिर की साफ-सफाई की। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वच्छता सब जगह जरूरी है, चाहे मंदिर हो रसोई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सिर्फ मंदिर की सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना है। विधायक प्रतिनिधि ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि कुंजला से भी कई कारसेवक अयोध्या गये थे। विघायक ने कारसेवकों तेजू महतो, भादया प्रधान, श्याम तांती शामिएको अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। गांव कें मगरू पाहन और घूरा महतो भी अयोध्या पहुंचे थे। ब उनका निधन हो गया है। उनके परिवार को भी सम्मानित किया जायेगा। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपिस्थत थे।

बचरा जामा मस्जिद में हुई अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की बैठक

उर्दू भाषा के खिलाफ लाये गये प्रस्ताव का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। बचरा जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी इरफान शेख ने किया। बैठक की शुरूआत बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने कुरान पाक की तिलावत के साथ की। इस बैठक मे झारखंड सरकार के द्वारा उर्दू भाषा को मरनीय भाषा घोषित किए जाने को लेकर लाये गये प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उर्दू भाषा देश की द्वितीय राष्ट्रीय भाषा है और इसके साथ छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड सरकार के द्वारा उर्दू भाषा को समाप्त करने को लेकर एक प्रस्ताव लाया गया है जो काफी निंदनीय है। वक्ताओ ने कहा कि वर्तमान में सरकार उर्दू शिक्षकों की बहाली अभी तक नहीं की है। वही मदरसा बोर्ड का भी गठन नहीं हुआ है और अब झारखंड सरकार उर्दू भाषा को मारनीय भाषा घोषित कर उर्दू भाषा को समाप्त करने का प्रयास कर रही है, जिससे मुस्लिम समाज में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यदि झारखंड सरकार उर्दू भाषा के साथ छेड़छाड़ करती है तो मुस्लिम समाज के लोग सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन करेगा जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में देखा जायेगा। बैठक के दौरान सभी लोगों ने एक स्वर में झारखंड सरकार के इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए सरकार से प्रस्ताव वापस लेने की मांग की। बैठक मे हाफिज मुमताज, हाफिज मन्नवर, इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन, इरफान शेख, अब्दुल कुदूस, जसमुद्दीन अंसारी, आबिद हुसैन, सैयद अरमान, साकिरउदीन अंसारी, रिंकु खान, कमाल मियां, सफीद अंसारी, कुदूस खान, बबलु आलम, कलन आजाद, जहांगीर मंसूरी, फैयाज मास्टर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जेपीसी लाधुपटोली ने जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। भगत टुसू मेला के अवसर पर साल्हन में आयोजित बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जेपीसी लाधुप टोली की टीम ने जीत लिया। गुरूवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लाधुपटोली की टीम नें शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए राईट टू चारी हुजीर की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ दि मैच विजेता टीम की देवंती कुमारी को घोषित किया गया। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत कराया गया। मौके पर सागीर, सज्जाद अंसारी, बरतु मुंडा, सूरज नायक, परमानंद साहू, मनक करमाली, दीपक मुंडा, रितेश मुंडा, दीपू मुंडा, सूरज करमाली मौजूद थे।

बिरसा कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। बिरसा कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया। इसके तहत सप्ताह भर कॉलेज में सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित प्रतियोगिताओं डिक्लामेशन, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, भाषण तथा क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र रांची के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि रांची विवि के अंग्रेजी विभाग के प्रो ओम प्रकाश उपस्थित थे। रहे। सर्वेंद्र सिंह ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि बिरसा की धरती के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं जिससे ये आसमान छू लेंगे। श्री ओम प्रकाश ने कहा की बिरसा कॉलेज का परचम ऊंचे में लहरायेगा, क्योंकि प्रतिभा और जोश का अद्भुत मिश्रण छात्रों में देखने को मिला, जिससे वे अभिभूत हैं। भविष्य के लिए उन्होंने पूरे कॉलेज को शुभकामनाएं दीं।

मौके पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो जे किड़ो, प्रोग्राम ऑफिसर प्रो पी सुरीन, प्रो लुगुन, राजकुमार गुप्ता और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो जया भारती कुजूर ने किया।

अनगड़ा थाना : रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को थानेदार दिलेश्वर कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, समाजसेवी जैलेन्द्र कुमार, रामकृष्ण चैधरी, अब्दूल इमाम अंसारी, बनमाली महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कहा गया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ हरि कीर्तन का आयोजन हो रहा है। ऐसे में भक्तिमय वातावरण बनाए रखने की जिम्मेवारी समाज के सभी वर्गों के उपर है। मौके पर शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, जैलेन्द्र कुमार, अब्दूल इमाम अंसारी आदि ने कहा कि अनगड़ा प्रखंड सांप्रदायिक सदभावना और भाईचारगी की मिसाल है। भगवान राम सबके हैं।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी सदर के भंडरा से मारंगहादा जाने वाले मार्ग में शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए फरार हो गया। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान खूंटी के भंडरा गांव निवासी 30 वर्षीय मांगू पूर्ति के रूप में हुई है। खूंटी पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज किया है। पुलिस बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की पहचान में जुटी है।

शैक्षणिक जागरूकता को लेकर कैंब्रिज स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

नामकुम (आजाद सिपाही)। स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के मौके पर कैंब्रिज स्कूल में 12 जनवरी से चल रहे दस दिवसीय कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और आसपास के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता मैराथन दौड़ आदि का भी आयोजन किया गया। रैली कैंब्रिज स्कूल से पुरुलिया रोड होते हुए मिलन चौक से वापस स्कूल पहुंचा। प्राचार्य टीके नाथ ने बताया कि सीबीएसई के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो 23 तक चलेगा। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। मौके पर शिक्षक अशोक कुमार सिंह, रीना सहाय, ज्योति भूषण गुप्ता, इंद्रानी बोस, रूपा माला, एकता कुमारी, हरि यादव, संदीप कुमार आदि थे।

नामकुम के वार्ड 53 में विशेष आमसभा का आयोजन, जनसमस्याओं पर हुई चर्चा

नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी विधानसभा अंतर्गत नामकुम प्रखंड के वार्ड 53 तुपुदाना सतरंजी में शुक्रवार को विशेष आमसभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हेमंत कच्छप ने किया। बैठक में स्थानीय जन समस्याओं बच्चों का जाति, आवासीय, आय प्रमाण-पत्र, भूमि संबंधित, सरना, कब्रिस्तान, देवी मंडप, अखड़ा आदि की घेराबंदी एवं सुंदरीकरण करने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, कांग्रेसी नेता माधो कच्छप, वार्ड 53 की पार्षद निर्मला गाड़ी, संजय लकड़ा, राजेश कच्छप, विष्णु सिंह, जोन कच्छप, मदिया तिर्की, सुमी हसा, आकाश कच्छप, राजू कच्छप आदि उपस्थित थे।

बेड़ो के बोदा गांव में जंगली हाथियों का उपद्रव जारी, किसानों की फसलों को रौंदा

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उपद्रव जारी है। गुरुवार की रात 11.30 बजे बोदा गांव के नगड़ा चौरा व केन टांड़ में भी चार जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए मटर, आलू, सरसो, गेहूं, लहसुन व दो पानी मशीन व 400 फिट फीता तोड़ कर और फसलों को खाकर-रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के दल ने फुलमनी देवी के आलू, सरसो व पानी फीता 400 फिट, कृष्णा यादव के मटर गेंहू व सरसो सुदामा यादव का गेहूं लहसुन, चरकु मुंडा के खलियान में रखे धान, बर्तन व ड्रम के फसल खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वहीं, सुधीर मुंडा व बिरसा उरांव के पानी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। खेतों में रौंदे फसलों को देखकर किसान कराह रहे हैं। इधर, घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य पूर्वी पार्वती भगत के प्रतिनिधि सह भाजपा नेता जगरनाथ भगत बोदा गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों व किसानों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

घासी समाज के सम्मलेन की तैयारी को लेकर बैठक

लापुंग (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य घासी (नायक) समाज के बैनर तले 28 जनवरी को ककरिया हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले सम्मेलन को लेकर घासी नायक समाज के अगुओ की तुपुदाना में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पिंटू नायक और संचालन आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संदीप टाईगर के अलावा अमृत अवॉर्ड से सम्मानित महावीर नायक मौजूद रहें। बैठक में 28 जनवरी के सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में डूंगरी के अजय नायक, रिकी नायक, किशोर नायक, सिकेंद्र नायक, समलु नायक टुपुदाना, जितेंद्र नायक हटिया, जोतिष नायक आदि मौजूद थे।

सांसद प्रतिनिधि की पहल पर महादानी मैदान बना खेलने योग्य

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बदहाल ऐतिहासिक महादानी मैदान सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय की पहल पर अब खेलने योग्य बन गया है। इसके लिए स्थानीय छात्रों व खिलाड़ियों ने सांसद प्रतिनिधि को अवगत कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रतिनिधि ने तत्काल सड़क निर्माण कार्य कर रहे आरकेडी के सीजीएम लक्ष्मण सेठी को उबड़-खाबड़ मैदान के बारे में अवगत करवाया। इसकी समतलीकरण करने की मांग की थी। ताकि यहां पर बच्चे खेल सके। जिसके बाद गुरुवार की रात में आरकेडी के डीपीएम मनोरंजन सिंह सीनियर इंजीनियर प्रभात कुमार नंदा की अगुवाई में मैदान का समतलीकरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए इस मैदान का बनना बेहद जरूरी था। इस मैदान से अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे तो हमारा यह प्रयास सफल होगा। आने वाले दिनों में निश्चित रूप से यहां से निकलकर जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे।

आश्वासन : खेलेगा सिल्ली-बढेगा सिल्ली कार्यक्रम का शुभारंभ

खिलाड़ी मेहनत करें, सुविधा देना मेरा काम : सुदेश महतो

कई योजनाओं के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

सिकिदीरी। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित जोन्हा प्रखंड अंतर्गत टाटी पंचायत में सिल्ली विधायक सुदेश महतो के सौजन्य से शुक्रवार को टाटी स्कूल मैदान में खेलेगा सिल्ली, बढेगा सिल्ली कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विधायक सुदेश महतो ने व्यस्थ कार्यक्रम के बीच सुरसू पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय बंधुवाडीह, उप्र० विद्यालय सिंगारी में चारदिवारी निर्माण, राउ मध्य विद्यालय सिंगारी में दो अतिरिक्त कमरा एवं गेट निर्माण, सिंगारी मिस्त्री टोली में चबुतरा निर्माण, टाटी पंचायत के टाटी मुण्डा टोली में पीसीसी पथ एवं जोन्हा बजार टॉड़ से टाटी भाया चुकडूबोहा, आरवाबेड़ा सड़क (8 किलोमीटर) विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद

सम्मानित खिलाड़ियों के बीच सिल्ली विधायक सुदेश महतो।

खेलेगा सिल्ली बढेगा सिल्ली कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें टाटी पंचायत के विभिन्न गॉवों के 257 बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लिए। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि ये हमारा प्रयास है कि गांव के बालक-बालिकायें जो हमारी भावी पीढ़ी है, पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी आगे बढे। उन्होंने कहा कि जो परिवार पांच किलो अनाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होते हैं वैसे परिवार के बच्चों को मैं खेल के माध्यम से एक अच्छा प्लेटफार्म देने का प्रयास करूंगा। ताकि वह परिवार खुशहाल हो सके। उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा प्रयास है कि आने वाले समय में जहां भी खेल का आयोजन होगा सिल्ली विधानसभा के खिलाड़ी ही खेलते दिखेंगें। उन्होंने खिलाड़ियों ने आह्वान करतो हुए कहा कि आप मेहनत करें सुविधा देना मेरा काम है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत में एक बालक का कल्ब एवं एक बालिकाओं का क्लब होगा। उसमें खेल के सारे सुविधाओं के साथ ही रात्रि पाठशाला का संचालन भी किया जाएगा। ताकि जो बच्चे दिन के समय अगर पढ़ नहीं पाये, तो रात्रि के समय पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए टाटी पंचायत के आरवाबेड़ा से इसकी शुरुआत कर दी गई है। मौके पर अंतराष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, शिशिर, रोहित कुमार, सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस सितल देवी, जलनाथ चौधरी, पारस उरांव, राजू महली, शंकर बेदिया, अमरसिंह मुंडा, दीनदयाल बेदिया, मनोज महतो, मोतीलाल प्रजापति, श्यामसुंदर बेदिया, विक्रम ठाकूर, छुटूसिंह मुंडा, छुटूलाल बेदिया, बबलू, सिताराम साहू, विजय उरांव, पंसस दिलीप बेदिया, धर्मदेव रजवार, गुरई महतो, सहजू बेदिया, हीरालाल बेदिया, रमेश बेदिया, महींद्र बेदिया, वीरेंद्र सिंह मुण्डा, संजय महतो एवं राहुल महली आदि उपस्थित थे।

22 को नगड़ी में कई धार्मिक कार्यक्रम करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति की बैठक समाजसेवी शंकर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगड़ी प्रखंड में भी कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके संचालन के लिए रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से संरक्षक नगड़ी के वरीय समाजसेवी तपेश्वर केशरी, दौलतराम केशरी, केदार महतो, चूड़ामणि महतो, प्रेमसागर महतो, केशव भगत, प्रो प्रेमसागर केशरी, डॉ त्रिवेणीनाथ साहू, शशिभूषण भगत, हेमंत केशरी, द्वारिकानाथ साहू, मोहन चौधरी, चंपा उरांव, प्रेमसागर महतो (कर्मा), सीताराम

केशरी, केदार केशरी, रामजीवन केशरी, प्रदीप महतो पत्रकार हैं।

वहीं अध्यक्ष शंकर चौधरी, महामंत्रीः बालकरन महतो, कोषाध्यक्ष मनीष केशरी, उपाध्यक्ष प्रभात महतो, पंकज राज, दीपक केशरी (घर संसार), प्रमोद महतो, अरविंद भगत, रघुवंश ठाकुर, अरविंद केशरी, विनोद चौधरी, मंजीत उरांव (मुखिया), शीला देवी (सरपंच), कमलेश केशरी (आकर्षण), कमलेश केशरी (पत्रकार), विनोद महतो, निशांत भगत (पत्रकार), अखिलेश केशरी, धरम महतो, विजय केशरी, देवा केशरी, विनोद केशरी, दिनेश केशरी, राजकुमार केशरी, अयोध्या महतो, सुमन महतो, रघुनंदन महतो, राजेश महतो, लाला चौधरी, दीपक केशरी (पंसस), मंत्री गणेश महतो, बसंत उरांव, चिराग केशरी, राहुल चौधरी, देवानंद चौधरी, दिवाकर चौधरी, आशीष चौधरी, गणेश पाहन आदि को शामिल किया गया है।

वहीं, मुख्य जुलूस प्रभारी रामबरन महतो, जुलूस प्रभारी बलराम साहू, शंभु महतो, मोहन साहू, राधेश्याम केशरी, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, मनोज भगत, राजकमल चौधरी, शिव चौधरी सहित 51 कार्यकारणी सदस्य शामिल हैं।

इधर शुक्रवार को रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पावन बेला में नगडी प्रखंड राम मय होगा। इसके तहत 21 को दुर्गा मंदिर परिसर के आस-पास के सभी मंदिरों की साफ-सफाई की जाएगी। श्रीरामनवमी पूजा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शंकर चौधरी, बालकरण महतो और मनीष केशरी ने लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी मंदिरों की साफ-सफाई कर साज-सज्जा एवं महाआरती व सोमवार को संध्या में अपने-अपने घरो में दीप जलायें।

रांची से अयोध्या के लिए चलायी जाये आस्था स्पेशल ट्रेन : प्रवीण झा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रेलवे यात्री सूविधा परामर्शदातृ समिति (जेडआरयूसीसी) के सदस्य प्रवीण झा ने रांची डिवीजन डीआरएम को पत्र प्रेषित कर रांची से अयोध्या भाया लोहरदगा व डाल्टनगंज होते हुए आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है। कहा कि अयोध्या से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है। यहां से सीधे अयोध्या के लिए कोई ट्रेन नहीं है। इस लिए विशेष ट्रेन की सुविधा प्रदान की जाये।

यूजीसी नेट क्वालीफाई कर चालक की बेटी ने बढ़ाया अनगड़ा प्रखंड का मान

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महेशपूर टुंगरी टोला निवासी हरिहर नायक की बेटी किरण कुमारी ने यूजीसी नेट क्वालीफाई कर न सिर्फ प्रखंड का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता का सिर गर्व से उंचा कर दिया है। पेशे से चालक किरण के पिता हरिहर नायक एवं मां रिझनी देवी मछली बेचकर किसी प्रकार घर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अभावग्रस्त जिंदगी से जुझते हुए भी माता-पिता ने किरण की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आने दी। किरण की मेहनत का परिणाम

माता-पिता के साथ किरण कुमारी।

है कि पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर लिया। किरण की इस सफलता के पीछे उनके गरीब माता-पिता के संघर्ष एवं मामा डॉ रिझु नायक की प्रेरणा छिपी हुई है। इधर, किरण की इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, डॉ अमर कुमार चैधरी, जिपस अनुराधा मुंडा, राजेंद्र शाही मुण्डा, प्रमुख दीपा उरावं, उपप्रमुख जयपाल हजाम, सुरेंद्र महतो, नरेश साहू, मनोज कुमार चौधरी, सिकंदर अंसारी, अजय महतो, वीरेद्र सिंह भोगता, शिबु मुंडा, श्रवण चौधरी, बरतु मुण्डा, शिवलाल महतो, डॉ सुरेश महतो आदि ने बधाई दी है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रातू थाना में शांति समिति की बैठक

अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को रातू थाने में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख संगीता देवी ने की। बैठक में थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने कहा कि 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व आरंभ प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। जिसे देखते हुए शांति समिति को बैठक की गई। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। क्षेत्र में किसी तरह का उपद्रव और अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्वों, अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाई की

बैठक में उपस्थित थाना प्रभारी व शांति समिति के सदस्य।

जायेगी। उन्होंने लोगों से शांति पूर्ण माहौल में मंदिर देव स्थानों पर पूजन अर्चना, भजन-कीर्तन करने की अपील की। कहा कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। किसी भी तरह की समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। बैठक में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे के साथ स्थानीय मंदिरों में मनाए जाने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। वहीं, सदस्यों ने पुलिस से शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने, पुलिस गस्ती तेज करने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी ने प्राण प्रतिष्ठा में एक दूसरे का सहयोग करने व किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जेएन पांडेय ने किया। मौके पर कमरुल हक, शमीम मंसुरी, राजकुमार साहू, कामेश्वर महतो, हजारी प्रसाद, खलिल अंसारी, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी, नुरुल होदा, पशुपालन पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारी सरफराज अहमद, रामधीर तिवारी के अलावा हरि साहू, मुखिया ज्योति देवी, फूल कुमारी देवी, रमेश महतो, शिवपूजन साहू, मोबारक खान, असलम अंसारी, एसआई कुलेश्वर महतो, चमरा मिंज, दीनबंधु दूबे एएसआई, धर्मेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, मुंसी उज्ज्वल सिंह, शशिकांत राय आदि मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बेड़ो में धूमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस, आयोजित होगी खेलकूद प्रतियोगिता

बेड़ो (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस एवं खेलकूद प्रतियोगिता को प्रखंडवासी धूमधाम से मनाएंगे। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संग्राम मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि हम सभी को गणतंत्र दिवस के आयोजन को सफल बनाना है। साथ ही सभी उपस्थित विभागों को इसका अनुपालन करने एवं कराने का अनुरोध किया गया। झंडोत्तोलन समय-सारणी के अनुसार सभी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय में सुबह आठ बजे झंडोतोलन होगा। इसके बाद तहसील अंचल कचहरी परिसर में 8.15 बजे एवं सभी बैंक शाखा में झंडोत्तोलन सुबह 9.30 बजे जबकि अमृत सरोवर में झंडा तोलन का समय 9.15 निर्धारित किया गया। वही सुबह 11 बजे महादानी मैदान में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके बाद खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में सीओ प्रताप मिंज, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, अभिजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, बीइइओ सुनील कुमार केशरी आदि मौजूद थे।

बेड़ो के जामटोली गांव में 22 जनवरी को पूजा और भंडारा का होगा आयोजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित महावीर चौक के समीप मुकेश गोप की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को महावीर चौक जामटोली के मंदिरों में दीपोत्सव पूजा अर्चना एवं भंडारा का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। बैठक में लाखो महतो, मंगू पुजार, सोमरा पाहान ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा 12 पड़हा के राजा विशाल उरांव, जामटोली पहाड़ शिव मंदिर समिति के सचिव चरवा उरांव, रोशन कुमार केरकेट्टा,सोहन लोहरा ,विशेश्वर हज्जाम वार्ड सदस्य प्रतिनिधि दिलीप उरांव, समाजसेवी बिंदेश्वर लोहरा, दुखू हज्जाम, तुलसी महतो, सुरजीत गोप, देवेंद्र गोप, छोटू लोहरा, लगनू गोप, सुरेंद्र गोप, रविंद्र गोप, एतवा उरांव, सोमा उरांव, लखन लोहरा, विश्वनाथ लोहरा, मालती देवी, कविता देवी, निराश देवी, चिंतामणि देवी, पूनम देवी, गीता देवी और सुधन देवी आदि उपस्थित थे।

प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में लगी सैनिटरी पैड डिस्पोजेबल व वेंडिंग मशीन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। पुंदाग के हजारीबाग टॉल वे लिमिटेड की ओर से टिकैत उम्रांव सिंह सेख भिखारी बालिका उच्च विद्यालय में सैनिटरी पैड डिस्पोजबल व वेंडिंग मशीन लगाया गया है। वेंडिंग मशीन में पांच रुपये डालने पर एक नैपकिन पैड निकलेगा। मशीन लगाने में टॉल वे लिमिटेड के प्रबंधक चेतन मल्बारी, राहुल कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद थे। वहीं, मशीन लग जाने पर प्राचार्या, शिक्षिकायें व पठन पाठन कर रही बालिकाओं ने इस नेक कार्य के लिए टॉल वे लिमिटेड के पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया।

बेड़ो में हुई किसानों की बैठक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित बारीडीह गांव के पड़हा मैदान में शुक्रवार को किसानों व ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें राम कृष्ण मिशन के तत्वावधान में आगामी 30 जनवरी को पड़हा मैदान बारीडीह में होनेवाले किसान मेला को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इसमें कृषि कार्यों से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही मेला में लोककलाकार, खोड़हा दल, साहित्यकार व विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भाग लेंगे। मौके पर धनंजय रॉय, घनश्याम उरांव, सोमरा उरांव, विनोद उरांव, प्रदीप महतो, विश्वनाथ उरांव, महेश भगत, सोमा उरांव, ईश्वर गोप व गोवर्धन आदि थे।

लापुंग थाना में शांति समिति की बैठक

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में श्रीरामजन्म भूमि में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर लापुंग थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ पंकज कुमार व बीडीओ एमानुएल जयविरस लकड़ा ने किया। बैठक में लापुंग थाना चौक व मालगो रायटोली में महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सामारोह 20 से 22 जनवरी को संपन्न कराए जाने को लेकर चर्चा हुई। बैटक में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने लापुंग के लोगों से अनुरोध किया कि उक्त तिथि को हाट-बाजार व चौक-चौराहा पर मांस-मछली और शराब की बिक्री पूर्ण रूप से बंद किया जाए। वहीं, 22 जनवरी को लापुंग के सापुकेरा व अन्य बाजार (सोमवार) में मांस मछली व शराब की बिक्री नहीं होगी। लापुंग और रायटोली के अलावे ककरिया, फतेहपुर, दाड़ी, लालगंज, महुगाव, दानेकेरा, दोलैचा, देवगांव व घघारी के अलावे अन्य मंदिरों में विशेष पूजन, भंडारा, कीर्तन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमे सभी पंचायत से जन प्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित होंगें। बैठक में प्रखंड प्रमुख कंचन उराव, थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार, मंगल साहू, विधायक प्रतिनिधि जनमेजय पाठक, देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, मंगल साहू, मो असमुदिन मिया, नशिम आलम, मुखिया सविता उरांव, विरसमुनि देवी, मेरी होरो, मनबहाल मनोज होरो, धुचला मुंडा, मालती रानी केर-केट्टा, जसपाल साहू आदि उपस्थित थे।

दहेज, फिजूलखर्ची और नशाखोरी पर पाबंदी लगायेगी कमेटी : अताउल्लाह

रातू (आजाद सिपाही)। दहेज प्रथा, शादी-विवाह में फिजूलखर्ची व नवजवानों में बढ़ती नशाखोरी पर पाबंदी लगाने को लेकर शनिवार को फुटककटोली में प्रखंड अंजुमन कमेटी की बैठक होगी। फुटकलटोली स्थित कमेटी कार्यालय में सुबह 10 बजे से बैठक आयोजित की गई है। जिसमें 27 गांव के अंजुमन कमेटी के सदर, सेकेट्री, खजांची के अलावा मस्जिद कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान कमेटी का रजिस्ट्रेशन व आमदनी पर चर्चा की जायेगी। साथ ही लीगल सेल का भी गठन किया जायेगा। कार्यक्रम में रातू के अलावा बुढ़मू ,मांडर व कांके के सदर सेकेट्री मौजूद होंगे। रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अत्ताउल्लाह अंसारी ने बताया की समाज में बढ़ती बुराइयां, नशाखोरी, शादी विवाह में फिजूल खर्ची व दहेज पर पाबंदी लगाने के लिये यह बैठक रखी गयी है।

चेतावनी : शुभम गुप्ता के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा आंदोलन

झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट अपराधी बेलगाम : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। हरिहरगंज के प्रतिष्ठित व्यवसाई शंकर गुप्ता के पुत्र शुभम गुप्ता की गुरुवार को दिन दहाड़े छतरपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यही नहीं, घटना को अंजाम देकर अपराधी भागने में भी सफल हो गए। इसके अलावा गत दिनों छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद की गाड़ी पर भी हमला हुआ। जो पुलिस की

विफलता साबित करता है। यह झारखंड की गिरती कानून व्यवस्था का बड़ा सुबूत है। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने क्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था खराब होने के पीछे राज्य में फल फूल रहा भ्रष्टाचार है। पुलिस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं रहा। झारखंड ऐसा राज्य है जहां के अनुमंडल में तीन माह से एसडीपीओ का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज के व्यवसाई पुत्र शुभम के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार नहीं किया गया, तो एनसीपी राज्यपाल से मिलकर पूरी जानकारी देंगे। उन्होंने शुभम के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां हर जगह लूट- खसोट का बाजार गर्म है। झारखंड की खनिज संपदा लूटी जा रही है। राज्य में लूट, चोरी, हत्या, दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं। प्रशासन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेगा तो एनसीपी पूरे राज्य में आंदोलन को बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस पत्थर, बालू और कोयला चोरों को बचाने में लगी है। राज्य के मुखिया खुद को बचाने में लगे हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का हक नहीं है।

स्वस्थ रहने के लिए पढ़ाई के साथ जीवन में खेल का भी बहुत महत्व है : अविनाश

संत मरियम स्कूल के छात्रों ने कराटे चैंपियनशिप में जीते चार गोल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आगरा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप एवं पश्चिम बंगाल के आसनसोल में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में चार गोल्ड मेडल जीतने वाले बाल कराटेकार रौनक कुमार, रीतू राज, आकांक्षा कुमारी और आर्यन राज को स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव द्वारा सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन अविनाश देव ने बाल कराटेकारों एवं प्रशिक्षक को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-

साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में खेल का बहुत महत्व है। इसलिए मोबाइल से थोड़ा हटकर खेल में शारीरिक परिश्रम करें। जिससे आपका नाम भी हो और शरीर भी स्वस्थ रहे। इसी खेल के तहत कराटे भी आता हैं। जिसको लड़कियां सिखकर स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा भी कर सकती है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, म्यूजिक प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, शिक्षक एवं समस्त शिक्षिका एवं विद्यालय परिवार, समस्त अभिभावकगण ने बाल कराटेकारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पिस्तौल का भय दिखाकर एसबीआइ के सीएसपी से 35.35 लाख की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के खजुरी नौडीहा क्षेत्र के एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र से अपराधियों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े पिस्तौल का भय दिखाकर 4.40 लाख रुपए का लूट लिये हैं। घटना की सूचना पाकर पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गयी है। बतातें चलें कि 24 घंटे पहले यानी गुरुवार को ही छतरपुर बाजार में थाना के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने हरिहरगंज के व्यवसायी शुभम गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के तुरंत बाद लूट की वारदात से पुलिस की सक्रियता पर प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। खजुरी पुलिस पिकेट से सटे और हाईस्कूल के सामने नागेंद्र कुमार यादव के सीएसपी में पिस्टल का भय दिखाकर लूट की घटना हुई। जिस समय घटना हुई, उस वक्त केंद्र पर एक व्यक्ति पैसे निकालने आया था। लूट की घटना के बाद अपराधी संचालक एवं ग्राहक को केंद्र में बंद करके फरार हो गए। भागने से पहले ग्राहक का मोबाइल फोन छीनकर बाहर फेंक दिया था, जबकि संचालक का

मोबाइल घटनास्थल से 600 मीटर बरामद हुआ। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने मोबाइल ढूंढा।

ग्रामीणों की मानें तो लूटपाट के बाद अपराधी नोटों का बंडल लेकर भाग रहे थे। छतरपुर-पांडू मार्ग पर छतरपुर की ओर भागने के दौरान इमली के पास नोट का एक बंडल गिर गया था। अपराधी उसे उठाने के लिए दोबारा लौटे। वहां पर कुछ ग्रामीण थे। ग्रामीणों ने जब गिरे बंडल के बारे में पूछा तो अपराधियों ने बताया कि भट्ठे पर मजदूरों को पेमेंट देने जा रहे हैं। हालांकि पीछे से शोर मचाते हुए सीएसपी संचालक भी आया, लेकिन तबतक काफी देर हो गयी थी। ग्रामीणों के बताये लोकेशन के आधार पर माइंस जाने वाली सड़क की ओर अपराधियों को ढूंढा गया, लेकिन कोई अता पता नहीं चला।सूचना मिलने पर नौडीहा-खजुरी के मुखिया हरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

व्यवसायी के पुत्र की हत्या के विरुद्ध हरिहरगंज बाजार बंद

आक्रोशित व्यवसायियों ने दो घंटे किया एनएच-98 जाम

पलामू एसपी के आश्वासन के बाद आवागमन हुआ बहाल

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। छत्तरपुर में गुरुवार को दिन दहाड़े व्यवसायी के पुत्र को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने के विरुद्ध शुक्रवार को हरिहरगंज के सभी व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताया। वहीं आक्रोशित व्यवसायियों ने जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिनेमा रोड स्थित एनएच-98 मुख्य मार्ग पर बैठ गए, जिससे करीब दो घंटे आवागमन बंद रहा। गौरतलब हो कि हरिहरगंज शहर के झंडा चौक स्थित निवासी शंकर गुप्त के पुत्र शुभम गुप्ता को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। जिसके विरुद्ध में व्यवसायियों ने बाजार को बंद रखा और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एनएच 98 मुख्य मार्ग को करीब दो घंटे जाम रखा। बाद में

हरिहरगंज शहर में करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही परिजनों और व्यवसायियों में चीत्कार मच गई और मोती राज महिला कॉलेज मोड़ के समीप शव को रख कर हजारों लोगों ने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। इसकी सूचना पाकर डीएसपी अजय कुमार, थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास और पूर्व विधायक कुशवाहा शिव पूजन मेहता भी पहुंच गए। सभी ने लोगों को समझाया। इस मामले में पलामू एसपी द्वारा फोन पर माामले का उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तार करने का आश्वासन देने के बाद एनएच 98 पर आवागमन बहाल हुआ।

उधर, घर पर शव पहुंचने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मुखिया उमेश साव, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता, बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, चंदन जयसवाल, जेपी गुप्ता, सुनिल स्वर्णकार, रामकुमार प्रसाद आदि लोग घर पर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

अवैध खनन करनेवाले लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजें: डीसी

-जिला टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ लगातार छापामारी का आदेश

- अप्रैल 2023 से 18 जनवरी तक अवैध खनन/परिवहन से जुड़े 200 वाहन जब्त,40 एफआईआर दर्ज,5 क्रशर सील

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स खनन समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन विभाग की ओर से प्रतिवेदित किया गया कि पिछले 9 माह में अवैध खनन/परिवहन से जुड़े कुल 200 वाहनों को जब्त किया गया है। जबकि बतौर जुर्माना कुल 92.97 लाख रुपये की वसूली की गयी है। इसके अलावे 40 प्राथमिकी भी दर्ज की

गई है। साथ ही 5 अवैध क्रशर को सील व एक क्रशर को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गयी है। बैठक में डीसी ने सभी सीओ-थाना प्रभारी को अंचल अंतर्गत कहीं भी अवैध माइनिंग या अवैध बालू का कारोबार न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावे चलंत चिमनी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने ओवरलोडिंग कर रहे वाहनों को अविलंब जब्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रायः ऐसा देखा गया है कि वैध माइनिंग एरिया में भी कई आसामाजिक तत्वों द्वारा कई तरह का व्यवधान उत्पन्न किया जाता है। डीसी शशि रंजन ने ऐसे दागी व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उन पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, लेस्लीगंज व सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे।

अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो एकता अधिकार मंच करेगा आंदोलन : ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। हरिहरगंज के थोक किराना व्यापारी शंकर प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। भगवान से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। यह घटना गुरुवार अपराह्न 3.45 बजे छतरपुर जपला रोड स्थित साइन होंडा शोरूम के पास हुई। इस दुख की घड़ी में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच शंकर प्रसाद एवं उनके परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद, रामदास साहू, युगल पाल, विनोद कुमार उपस्थित थे। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि प्रशासन से मांग हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसे फांसी की सजा दे। यदि 24 घंटे के

अंदर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही मृतक के उनके परिवार से मिलेंगे और उनकी किन-किन लोगों से रंजिश थी वह जानने का प्रयास करेंगे। व्यावसायियों कि इस प्रकार से हत्या होना निंदनीय है। वहीं, रामदास साहू ने कहा कि एक व्यवसायी कई लोगों को रोजगार देता है। यदि व्यवसायी की ही हत्या होने लगे तो हम व्यवसाय कैसे करेंगे। पलामू प्रमंडल के अच्छे व्यवसायी इसी कारण पलामू प्रमंडल को छोड़कर दूसरे जगह व्यवसाय कर रहे हैं।

युगल पाल ने कहा कि यह प्रशासन की चूक है थाने से लगभग 100 मीटर की दूरी पर यह हत्या हुई फिर भी पुलिस उन अपराधियों को नहीं पकड़ पाई। विनोद कुमार ने कहा कि व्यवसायी जो टैक्स देते है उसी से हमें सुरक्षा प्रदान की जाए।

अब अपराधियों को पुलिस का भी खौफ नहीं : आनंद शंकर

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छतरपुर में व्यवसाई पुत्र को थाना के बगल में गोली मारकर हत्या करने की घटना को दुःखद बताते हुए कहा कि क्या गुंडों का मन इतना बढ़ गया कि उन्हें थाना का भी खौफ नहीं रहा। पुलिस प्रशासन को इस पर मंथन करनी चाहिए। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन शहर में रंगदारी मांगी जानी शुरू हो गई है। व्यवसाई जो आराम से रात 9 से 10 बजे तक व्यवसाय कर रहे थे अब 8 बजे ही दुकान बंद करने लगे हैं। रांची की रात्रि बस सेवा बंद हो गई। अगर यही हाल रहा तो एक बार फिर पलामू अपराध एवं आतंकवाद के लिए जाना जाने लगेगा। चेंबर अध्यक्ष ने पलामू एसपी से अनुरोध किया है कि इस घटना का उद्भेदन त्वरित हो और अपराधियों को यथाशीघ्र पड़कर कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि व्यवसाई भयमुक्त होकर व्यवसाय कर सके।

कार्यपालक पदाधिकारी ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने शुक्रवार को हुसैनाबाद के जेपी चौक स्थित छठ पोखरा घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ-साथ कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही साफ - सफाई को लेकर भी कई निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, सीएलटीसी योगेंद्र कुमार, लेखापाल रविकांत पटेल समेत कई कर्मी मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बागेश्वर धाम सरकार के पलामू आगमन पर उच्च न्यायालय का फैसला 24 को



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के पलामू में कार्यक्रम को प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के खिलाफ हनुमंत कथा समिति की ओर से डीसी के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई गई थी। जिसे स्वीकार कर लिया गया था। इस मामले नें हाई कोर्ट 24 जनवरी को फैसला सुनाएगा। इस संबंध में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि मुझे और मेरी समिति को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है। पलामू की धरती पर श्री धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम महाराज को आने की अनुमति अवश्य मिलेगी। पलामूवासियों को बागेश्वर धाम सरकार का प्रवचन सुनने का अवसर जरूर मिलेगा।

पढ़ाई के साथ खेल बेहद जरूरी : राजन मेहता

उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के उंटारी रोड प्रखंड के पांडेपुर में अंबेडकर युवा टूर्नामेंट के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मैच शुक्रवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला नवगढ व पांडेपुर टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पांडेपुर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 134 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी नौगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर मात्र 75 रन ही बना पाई जिससे पांडेपुर की टीम 60 रनों से विजयी रही। इससे पूर्व खेल शुरू होने से पहले फाइनल मैच के बतौर मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी राजन मेहता ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कमेटी को टूर्नामेंट के शांतिपूर्ण सफल आयोजन की सराहना की। वहीं, विजेता व उपविजेता टीम के बीच ट्राफी का वितरण किया।

स्पोर्ट्स

एडिलेड टेस्ट के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हरा दिया। पहले टेस्ट में तीसरे दिन के पहले ही सेशव में कंगारुओं ने विंडीज की दूसरी पारी 120 रन पर समेट दी आसान जीत दर्ज की।

ढाई दिन में जीता एडिलेड टेस्ट : हेजलवुड को 9 विकेट, ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराया

एडिलेड (एजेंसी)। एडिलेड टेस्ट के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हरा दिया। पहले टेस्ट में तीसरे दिन के पहले ही सेशन में कंगारुओं ने विंडीज की दूसरी पारी 120 रन पर समेट दी। पहली पारी में 95 रन की बढ़त के कारण ऑस्ट्रेलिया को 26 रन का टारगेट मिला। टीम ने बगैर नुकसान के ही इसे 7वें ओवर में हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया से जोश

हेजलवुड ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। पहली पारी में 119 रन बनाने वाले ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

जोसेफ-रोच ने विंडीज को पारी की हार से बचाया

वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन 73/6 के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। दूसरे दिन नॉटआउट रहे जोशुआ डा सिल्वा के साथ अल्जारी जोसेफ उतरे। डा सिल्वा 18 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद अल्जारी भी 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों विकेट मिचेल स्टार्क ने लिए। गुडाकेश मोटी भी 3 ही रन बना सके और वेस्टइंडीज ने 94 रन पर अपने 3 विकेट गंवा दिए। टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया की लीड से एक रन पीछे थी। यहां केमार रोच और डेब्यूटांट शमार जोसेफ ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। जोसेफ 15 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 26 रन की पार्टनरशिप टूटी। रोच 11 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

ख्वाजा हुए रिटायर्ड हर्ट

26 रन के टारगेट का पीछा करने में ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा इंजर्ड हो गए। 7वें ओवर की दूसरी बॉल शमार जोसेफ ने बाउंसर फेंकी। ख्वाजा डक करने गए लेकिन बॉल उनके हेलमेट पर लग गई। उनके मुंह से खून निकलने लगा और वह 9 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन चले गए।

खेलो झारखंड एथलेटिक्स पलामू प्रमंडल ओपन प्रतियोगिता का आयोजन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू जीएलए कॉलेज के खेल मैदान में खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रमंडलीय ओपेन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा व पलामू के विश्रामपुर, पांडू, बीमोड़, रेहला, गोदरमा, भंडार, गुरी, पिपरा, कधवन और उंटारी रोड सहित कई स्कूलों के कुल 65 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पी एस एकेडमी के निदेशक डॉ अज्जो सिद्दीकी व गढ़वा के बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ मार्शल आर्ट के समन्वयक आशा देवी भी शमिल हुई।

मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला थाने क्षेत्र के गुरहा गांव में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। मृतिका वरीय भाजपा नेता कृष्ण मुरारी सिंह की पुत्री है। जानकारी के अनुसार मृतिका स्वाति देवी (32) गांव के ही कुछ महिलाओं के साथ फोर लेन बाईपास रोड की तरफ घूमने गई। घर वापसी के दौरान रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी बीच एक मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभाकक्ष में संसदीय समिति की हुई बैठक

आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को दी जाये प्राथमिकता: पीएन सिंह

वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल माल ढुलाई व इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में हासिल किया प्रथम स्थान : महाप्रबंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में उपस्थित सांसद व उनके प्रतिनिधि।

धनबाद। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभाकक्ष में शुक्रवार को मंडल संसदीय समिति की बैठक हुई। जिसमें धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने की। सभी सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दिन बैठक में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी उपस्थित थे। इनके अलावा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि नागेंद्र महतो, सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि चंद्र भूषण प्रसाद, सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि प्रीतम साहू, सांसद अजय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विक्रम सिंह चंदेल, सांसद पकौड़ी लाल के प्रतिनिधि कृष्णा गौतम, सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा, सांसद महुआ मांझी की प्रतिनिधि लखी सोरेन, सांसद समीर उरांव के प्रतिनिधि अरूण कुमार जोशी, सांसद दीपक प्रकाश के प्रतिनिधि चंद्रशेखर सिंह एवं सांसद आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि मिल्टन पार्थ सारथी उपस्थित थे। बैठक में सांसदों ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने सांसदों व उनके प्रतिनिधियों का स्वागत किया। कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। बताया कि धनबाद मंडल द्वारा पिछले दिनों यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किये गए हैं जिनमें 06 स्टेशनों पर एफओबी, 04 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड और 11 स्टेशनों पर दिव्यांग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। रांची और पटना के मध्य विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया गया है। धनबाद-चन्द्रपुरा पैसेंजर ट्रेन एवं न्यू गिरिडीह से रांची के लिए इंटरसिटी का परिचालन प्रारंभ किया गया। दैनिक रेलयात्रियों को अनारक्षित टिकट सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चार प्रमुख स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई है। एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत धनबाद मंडल के 11 प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉल एवं 15 स्टेशनों पर ट्रॉली उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे एक ओर जहां इन क्षेत्रों का विकास होगा वहीं दूसरी ओर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। महाप्रबंधक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त किया। कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होंगे ।

महत्वपूर्ण न्यूज

स्मार्ट मीटर परियोजना को अविलंब वापस लिया जाये : रामचंद्र ठाकुर

बोकारो (आजाद सिपाही)। माकपा बोकारो जिला कमेटी की ओर से मजदूर एकता दिवस के अवसर पर डीसी कार्यालय के समक्ष 25 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय महापड़ाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार विश्वास और संचालन राज कुमार गोराई ने किया। अपने संबोधन में जिला सचिव भागीरथ शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मजदूरों और किसानों के अधिकारों, भारतीय संविधान, जनतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर लगातार किए जा रहे हमले व सार्वजनिक क्षेत्र के विघटन एवं निजीकरण के चलते मजदूरों की दुरावस्था एवं बेरोजगारी ने भयंकर रूप धारण कर लिया है। हमें अपनी घनीभूत हो रही समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष तेज करना होगा। वहीं, माकपा के राज्य नेता रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि हम रोजी-रोटी की मांग को लेकर यहां आए हैं। हमारी मांग है कि स्मार्ट मीटर परियोजना को अविलंब वापस किया जाय। जिला के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए परिवारों नियोजन, मुआवजा, पुनर्वास सहित विस्थापन से जुड़ी समस्याओं का एकमुश्त समाधान किया जाय। गैर मजरुआ जमीन का रसीद निर्गत किया जाय। 200 यूनिट बिजली निःशुल्क दिया जाय। उज्ज्वला योजना के तहत सभी जरुरतमंदों को गैस कनेक्शन दिया जाय। ठेका मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी मिलने की गारंटी की जाए। आउटसोर्सिंग कंपनियों में विस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन में प्राथमिकता दी जाए। वन क्षेत्र में रह रहे लोगों को वन अधिकार कानून 2006 के तहत जमीन का पर्चा दिया जाय। कार्यक्रम को श्याम सुंदर महतो, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, शकुर अंसारी, राकेश कुमार, मनोज कुमार पासवान, सत्यनारायण महतो, दूबराज दास, कुमार सत्येंद्र, विजय भोई, जटाधारी सिंह, खेमलाल महतो, अख्तर खान, काशी रजवार, इरफान अंसारी, श्याम नारायण सतनामी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण एसपी ने किया ईस्ट बसुरिया ओपी अंतर्गत चेक पोस्ट का उद्घाटन

कतरास (आजाद सिपाही)। ईस्ट बसुरिया ओपी अंर्तगत मोहलीडीह पंचायत के मोहलीडीह तेतुलमारी रोड में शुक्रवार को धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने चेक पोस्ट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू और ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं, ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने ग्रामीण एसपी को बुके व अंग वस्त्र जबकि बाघमारा एसडीपीओ निशान मुर्मू को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण एसपी ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर काम कर रही है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना और ओपी में पुलिस जन सहयोग समिति बनायी गयी है। समय-समय पर इसकी बैठक होती है। अपराध पर लगाम लगाने में जन सहयोग समिति की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। वहीं, चेक पोस्ट के निर्माण से यहां अपराध पर लगाम लगाने में सहायता मिलेगी। चेक पोस्ट में ईस्ट बसुरिया के जवानों के साथ पुलिस लाइन से जवानों की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी। अंत ग्रामीण एसपी द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया। साथ ही समर्पण एक नेक पहल की ओर से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तेतुलमारी थाना प्रभारी आलमचंद महतो, जिला परिषद सदस्य इसराफिल उर्फ लाला, पूर्व मुखिया मोहम्मद आजाद, पूर्व जिप सदस्य पवन महतो, रामप्रित यादव, रिजवान अंसारी, लक्ष्मण पासवान, संजय निषाद, दयानंद महतो आदि थे।

हरि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर कब्जा करनेवालों के विरुद्ध शुरू हो कार्रवाई: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें हीरापुर के एक व्यक्ति ने बताया कि हरि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीसी ने धनबाद के अंचल अधिकारी को उक्त सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, बलियापुर से आए एक व्यक्ति ने डीसी को बताया कि उनकी दो एकड़ से अधिक जमीन पर जबरन कब्जा कर अलकतरा प्लांट स्थापित कर दिया है। साथ ही अतिक्रमण की गई जमीन पर बाउंड्री वॉल भी बना ली गई है। जमीन के सीमांकन के लिए उन्होंने कई बार अंचल अधिकारी से आवेदन किया और इसके लिए ऑनलाइन भुगतान भी किया है। इस पर डीसी ने तत्काल बलियापुर सीओ को मामले की जांच कर जमीन का सीमांकन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा चिरागोड़ा में सरकारी जमीन पर जबरन दीवाल खड़ी कर आवागमन का रास्ता रोकने, जमीन पर अवैध कब्जा करने, जालसाजी कर जमीन बेच देने, पुटकी आंचल में ब्लास्टिंग से तालाब क्षतिग्रस्त होने, भौंरा में घर से 30 मीटर दूर ब्लास्टिंग होने से घर क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए। डीसी ने सभी मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। मौके पर निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, डीडीएमए के संजय कुमार झा, कल्याण विभाग के शैलेश वैद्य मौजूद थे।

अफवाहों से दूर रहें, सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की नजर : प्रदीप कुमार

कतरास (आजाद सिपाही)। थाना प्रांगण में राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार और संचालन मो शहाबुद्दीन ने किया। प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार ने कहा कि अफवाहों से दूर रहें। सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर रहेगी। जो भी व्यक्ति जुलूस निकालने के इच्छुक हैं वह थाना में आकर इसकी सूचना दें। मौके पर कतरास थानेदार रणधीर सिंह, हरिप्रसाद अग्रवाल, रणधीर ठाकुर, मुखिया मो अल्ताफ, वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, अशोक लाल, चुन्ना यादव, प्रिंस शर्मा, कमलेश सिंह, मो मंजर आलम, बबलू बर्मन, सुभाष बंसल, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित सिद्धि व रिया के अभिभावकों का प्राचार्य ने जताया आभार

बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने की समय सीमा निश्चित करनी चाहिए: प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रा सिद्धि, रिया उनके अभिभावक, प्राचार्य व अन्य।

बोकारो। सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपने होनहार छात्राओं के अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त कर उन्हें सम्मानित किया। कक्षा 9वीं की सिद्धि कुमारी के अभिभावक समरजीत सिंह व कक्षा 8वीं की रिया कुमारी के अभिभावक गौर कुमार रजवार को सम्मानित किया। माता-पिता की देख-रेख में ही इन बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर बाल अधिकार कांग्रेस 2023 में हुआ। 26वां बाल अधिकार कांग्रेस 2023, में इन दोनों होनहार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। यह चयन प्रक्रिया गत वर्ष डीएवी रांची के पुंदाग में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों में से सिद्धि कुमारी व रिया कुमारी का चयन शहरीय वर्ग में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ। इनके द्वारा बनाए गए मोबाइल एंड इंटरनेट ए फ्राइटनिंग थ्रेट टुवर्ड्स एडोलिसेंट्स मेंटल हेल्थ नामक प्रोजेक्ट शीर्षक ने सबका ध्यान आकृष्ट किया था। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास के कुशल दिशा निर्देशन में विद्यालय तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। प्राचार्य ने कहा कि आज के छात्र बहुत ही ज्यादा संवेदनशील व क्रियाशील है। वे सतत कुछ जानने के लिए तत्पर रहते हैं। आज के परिप्रेक्ष्य में लड़कियां सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं हैं। बच्चों को मोबाइल में इंटरनेट इस्तेमाल करने की समय सीमा निश्चित करना चाहिए। बच्चे अपने माता-पिता के संरक्षण में रहते हुए ही इन यंत्रों का प्रयोग करना चाहिए। प्राचार्य ने दोनों बालिकाओं को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक मनीषा अश्विनी सहाय व स्वरूप कुमार नाथ के अथक प्रयास व सहयोग से विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–09)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका

विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।

338.	1. आवेदन क्र0– 04/24 2. आवेदक–जयप्रकाश सिंह पटेल , पिता–स्व0 बालचन्द महतो 3. ग्राम–भेलवारा , पोस्ट–भेलवारा , थाना– विष्णुगढ़, प्रखण्ड– विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तील।	कंडिका–2(ix)
339.	1. आवेदन क्र0– 05/24 2. आवेदक–प्रेमचन्द महतो , पिता–स्व0 तिलो महतो 3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना– विष्णुगढ़, प्रखण्ड– विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर तील।	कंडिका–2(ix)
340.	1. आवेदन क्र0– 06/24 2. आवेदक–योधा महतो , पिता–गिरधारी महतो 3. ग्राम–भलुवा , पोस्ट–नवादा , थाना– विष्णुगढ़, प्रखण्ड– विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ में तील का निशान।	कंडिका–2(ix)
341.	1. आवेदन क्र0– 07/24 2. आवेदक–कौशल्या देवी , पति–बिनोद महतो 3. ग्राम–हारम , पोस्ट–लिलानगर , थाना– कटकमदाग , प्रखण्ड– कटकमदाग 4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

विवरण :– पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुशंसा एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।

342.	1. आवेदन क्र0–28/23 2. आवेदक–नकुल महतो , पिता–स्व0 चोलो महतो 3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
343.	1. आवेदन क्र0–29/23 2. आवेदक–हेमलाल महतो , पिता–स्व0 झुपर महतो 3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचु 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने ऑख के उपर कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
344.	1. आवेदन क्र0–98/23 2. आवेदक–तुलसी महतो , पिता–स्व0 प्रयाग महतो 3. ग्राम–बान्दा , पोस्ट–पतरंगा , थाना–माण्डु , प्रखण्ड–माण्डु 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने भौव में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
345.	1. आवेदन क्र0–97/23 2. आवेदक–पुसन महतो , पिता–स्व0 बोधराम महतो 3. ग्राम–बान्दा , पोस्ट–पतरंगा, थाना–माण्डु , प्रखण्ड–माण्डु 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
346.	1. आवेदन क्र0–96/23 2. आवेदक–हुलास महतो , पिता–स्व0 सोना महतो 3. ग्राम–बान्दा , पोस्ट–पतरंगा , थाना–माण्डु , प्रखण्ड–माण्डु 4. लिंग–पुरूष आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में गोदना।	कंडिका–2(ix)

विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

347.	1. आवेदन क्र0–19/24 2. आवेदक–बबलू गोप , पिता–स्व0 रामजी गोप 3. ग्राम–न्यू एरिया ओकनी , पोस्ट–हजारीबाग , थाना–सदर हजारीबाग , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल।	कंडिका–2(ix)
348.	1. आवेदन क्र0–20/24 2. आवेदक–लक्ष्मी देवी , पति–स्व0 तिलेश्वर यादव 3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–महिला आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में फुला हुआ दाग।	कंडिका–2(ix)
349.	1. आवेदन क्र0–21/24 2. आवेदक–महाबीर प्रसाद यादव , पिता–स्व0 प्रयाग यादव 3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के पास काला दाग।	कंडिका–2(ix)
350.	1. आवेदन क्र0–22/24 2. आवेदक–कलावती कुमारी , पति–सुखदेव प्रसाद यादव 3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–महिला आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कमर के पास तिल।	कंडिका–2(ix)
351.	1. आवेदन क्र0–24/24 2. आवेदक–दीपक राम , पिता–स्व0 रघुनाथ राम 3. ग्राम–कुद , पोस्ट–रेवाली , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमदाग 4. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें लिलाट पर कटे का दाग।	कंडिका–2(ix)
352.	1. आवेदन क्र0–25/24 2. आवेदक–प्रदीप कुमार यादव , पिता–स्व0 बन्धन यादव 3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू , थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कलाई में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
353.	1. आवेदन क्र0–26/24 2. आवेदक–रोशनी देवी , पति–राम कुमार दुडू 3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–महिला आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
354.	1. आवेदन क्र0–27/24 2. आवेदक–रामकुमार दुडू , पिता–भादे मांझी 3. ग्राम–बहेरा , पोस्ट–चरही , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ के नीचे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
355.	1. आवेदन क्र0–28/24 2. आवेदक–निर्मला देवी , पति–दीपक राम 3. ग्राम–कुद , पोस्ट–रेवाली , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमदाग 4. लिंग–महिला आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें लिलाट पर दो तिल।	कंडिका–2(ix)
356.	1. आवेदन क्र0–29/24 2. आवेदक–जयनाथ महतो , पिता–बोधी महतो 3. ग्राम–आंगो , पोस्ट–पतरंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ का अंगुली में कट।	कंडिका–2(ix)
357.	1. आवेदन क्र0–30/24 2. आवेदक–नागेश्वर महतो , पिता–डोमन महतो 3. ग्राम–पेटो , पोस्ट–हरली , थाना–दारू , प्रखण्ड–दारू 4. लिंग–पुरूष आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)

विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के माननीय सदस्यों के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर।

358.	1. आवेदन क्र0– 36/24 2. आवेदक– हरिशचन्द्र यादव पिता–स्व0 तेज नारायण यादव 3. ग्राम– खम्भवा पोस्ट–खम्भवा थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– पुरूष आयु–68 वर्ष पहचान चिन्ह– बाये तरफ पेट में ऑपरेशन का निशान।	कंडिका–2(ix)
359.	1. आवेदन क्र0– 37/24 2. आवेदक–आरती देवी पति–महादेव गोप 3. ग्राम– खम्भवा पोस्ट–खम्भवा थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– महिला आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–बाये हाथ के अंगुठे में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
360.	1. आवेदन क्र0– 38/24 2. आवेदक–बिना देवी पति–त्रिभुवन प्रसाद 3. ग्राम– खम्भवा पोस्ट–खम्भवा थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– महिला आयु–46 वर्ष पहचान चिन्ह–बाया बाह में टीका का निशान।	कंडिका–2(ix)
361.	1. आवेदन क्र0– 39/24 2. आवेदक–चरण प्रसाद पिता–स्व0 रितु महतो 3. ग्राम– कोल्हू पोस्ट–बेराम थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– पुरूष आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–बाया बाह में टीका का निशान।	कंडिका–2(ix)
362.	1. आवेदन क्र0– 40/24 2. आवेदक–पाटील भुईयॉ पिता–स्व0 पचल भुइयॉ 3. ग्राम– खम्भवा पोस्ट–खम्भवा थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– पुरूष आयु–71 वर्ष पहचान चिन्ह–माथा में पुलिस लाठी का मार का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
363.	1. आवेदन क्र0– 41/24 2. आवेदक–युगल भुईयॉ पिता–स्व0 पचल भुइयॉ 3. ग्राम– खम्भवा पोस्ट–खम्भवा थाना– टाटीझरिया प्रखण्ड–टाटीझरिया 4. लिंग– पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पॉव में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)

विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री मो0 महमूद आलम, मोलाना मोबीन रिजवी एवं मेघलाल साव द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।

364.	1. आवेदन क्र0–42/24 2. आवेदक–रबिन्द्र महतो , पिता–नन्दलाल महतो 3. ग्राम–रिकवा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के सामने तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
365.	1. आवेदन क्र0–46/23 2. आवेदक–मो0 अताउल्ला , पिता–हमिज मियाँ 3. ग्राम–हुवाग , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)

विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं बदरी सिंह द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

366.	1. आवेदन क्र0–44/24 2. आवेदक–राजदीप प्रसाद , पिता–अर्जुन साव 3. ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तील का निशान।	कंडिका–2(ix)
367.	1. आवेदन क्र0–45/24 2. आवेदक–दिनेश प्रसाद , पिता–राजेन्द्र प्रसाद 3. ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधे में तील का निशान।	कंडिका–2(ix)
368.	1. आवेदन क्र0–46/24 2. आवेदक–अर्जुन साव , पिता–स्व0 अकलु साव 3. ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौंग , थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर की दाहिने और जले का निशान।	कंडिका–2(ix)
369.	1. आवेदन क्र0–47/24 2. आवेदक–राजेन्द प्रसाद साहु , पिता–स्व0 राम सेवक साहु 3. ग्राम–हेसालौंग , पोस्ट–हेसालौग , थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष आयु– 65 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने पैर में सफेद दाग का निशान।	कंडिका–2(ix)

विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।

370.	1. आवेदन क्र0–43/24 2. आवेदक–बालेश्वर महतो , पिता–स्व0 टुमन महतो 3. ग्राम–जोराकाठ , पोस्ट–बादम , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 316511 Home(23-24)#D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा शुरू

श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस में माताओं के लिए टिकट की कीमत 50 फीसदी होगी : सीएम

30 जिलों से 80 सुपर प्रीमियम श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बसें चलेंगी

पहले चरण में 12 जिलों से बस सेवाएं शुरू की गयी

बस जिला सदरमहकुमा से भुवनेश्वर होते हुए महाप्रभु के धाम पुरी तक जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 18 तारीख को राज्य में श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा का शुभारंभ किया है। ये बसें जिला सदर महकुमा से भुवनेश्वर होते हुए श्रीक्षेत्र पुरी तक चलेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस में माताओं के लिए टिकट की कीमत सिर्फ 50 फीसदी होगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी बस योजना में माताओं के लिए टिकट की कीमत मात्र 5 रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा, इससे माताओं को बहुत लाभ हुआ है। यह बस सेवा 5 टी पहल के तहत शुरू की गयी लक्ष्मी बस सेवा योजना के तहत शुरू की गयी है। इस योजना के तहत राज्य के 30 जिलों से 80 सुपर प्रीमियम श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बसें संचालित होंगी।

पहले चरण में 12 जिलों से इस सेवा की शुरूआत की गयी। ये जिले हैं बलांगीर, बरगड, गंजाम, झारसुगुड़ा, कोरापुट, कलाहांडी, मालकानगिरी, नबरंगपुर, नुआपड़ा, रायगड़ा, संबलपुर और सुंदरगड। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य के लोगों को पुरीधाम आने और भगवान के दिव्य दर्शन प्राप्त करने के लिए यह श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा शुरू की है। आप सभी इसका लाभ उठायें और प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भगवान की इच्छा के अनुरूप श्रीमंदिर की परिक्रमा परियोजना का बुधवार को उद्घाटन किया गया। इस परियोजना ने मंदिर की सुंदरता को बढ़ाया है और वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया है। श्रद्धालुओं एवं भक्तों के लिए दर्शन सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। प्रभु के दर्शन के लिए आपका आरामदायक बस सेवा शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप आसानी से

पुरी आयेंगे और महाप्रभु की कृपा प्राप्त करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ओड़िशा नवीन ओड़िशा कार्यक्रम में गांव-गांव में जगन्नाथ संस्कृति की रक्षा और प्रसार के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। हमारी लोकप्रिय लक्ष्मी बस योजना में, हमने पंचायतों को ब्लॉक सदर महकुमा से जोड़ा है। लक्ष्मी बस ने संचार के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। जिला मुख्यालय से तीर्थस्थल तक सीधी बस व्यवस्था से राज्य की परिवहन और संचार व्यवस्था में सुधार होगा। यह सेवा लाखों भक्तों, श्रद्धालु और जगन्नाथ प्रेमियों को भगवान महाप्रभु के दिव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने में मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाप्रभु के आशीर्वाद और आपके सहयोग से ओड़िशा विकास के शिखर पर पहुंचेगा। इस कार्यक्रम में बलांगीर में उपस्थित व्यापार एवं परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री आम आदमी के वादों को पूरा करने में बेजोड़ हैं। उन्होंने कहा कि श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस इस क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5टी अध्यक्ष मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रमों की मांग पर अमल करते हुए सभी योजनाओं को पूरा कर रहे हैं। 5टी के अध्यक्ष वी कार्तिक पांडियन ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में वाणिज्य एवं परिवहन प्रमुख सचिव सुश्री उषा पाढ़ी ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम में विधायक भूपेन्द्र सिंह, विकास आयुक्त श्रीमती अनु गर्ग एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बोइंग सेंटर का उद्घाटन कर बोले पीएम मोदी

इस कैंपस से भारतीय टैलेंट में दुनिया का विश्वास बढ़ेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरू। बोइंग के टेक सेंटर के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'बेंगलूरू उम्मीदों को अविष्कार और उपलब्धियों से जोड़ने वाला शहर है। बेंगलूरू भारत की तकनीकी क्षमताओं को वैश्विक आपूर्ति से जोड़ता है। यह बोइंग का नया कैंपस बेंगलूरू की पहचान को और मजबूत करेगा। यह अमेरिका के बाहर बोइंग का सबसे बड़ा सेंटर होगा।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इस कैंपस से दुनिया का भारत के टैलेंट में विश्वास मजबूत होगा। एक दिन भारत ही भविष्य ही विमान का डिजाइन इसी सेंटर में बनाएगा। चाहे फाइटर पायलट हों या सिविल एविएशन, आज भारत महिला पायलट के मामले में लीड कर रहा है। आज भारत के पायलट में से 15 प्रतिशत महिला पायलट्स हैं, ये ग्लोबल एवरेज से तीन गुना ज्यादा है।

उद्घाटन समारोह के दौरान दर्शक मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। इसपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा, 'मुख्यमंत्री जी ऐसा होता रहता है।' उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'पिछले 10 वर्षों में भारत का विमानन बाजार पूरी तरह से बदल गया है। आज हर एविएशन स्टेकहोल्डर नयी ऊर्जा से भरा हुआ है। भारत आज पूरी दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। आने वाले दिनों में घरेलू यात्रियों की संख्या बढ़ने वाली है। यह अन्य बोइंग और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत के साथ विकास करने का सही समय है।'

भाजपा सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

गावां, गिरिडीह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे भारत में चलाया गया है। धनवार विधानसभा मालडा पंचायत भवन के प्रांगण में इसका उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा किया गया। भारतीय जनता पार्टी के इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और प्रधानमंत्री के इस जन कल्याणकारी योजना से अवगत हुए। इस अवसर पर पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम द्वारा पूरे भारत को विकसित करना चाहते हैं। गरीबों

केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

के लिए बनी ऐसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमें सुनिश्चित करना है। श्री मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में हम इस कार्य को पूरे मन से कर रहे हैं। यह योजना शत प्रतिशत सफल होगी, यह हमारा प्रयास है। इस अवसर पर जिला जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, श्रीराम यादव,मुन्ना सिंह, संतोष पांडे विनोद बिष्टकार, दिनेश यादव, महेंद्र पांडे, अजीत तिवारी, मुखिया मालडा गायत्री देवी, महेंद्र पांडेय इत्यादि उपस्थित थे।

जेएसपी के उत्कल-सी कोयला ब्लॉक ने वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सुरक्षा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित करते हुए, जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के उत्कल-सी कोल ब्लॉक ने अंगुल जिले के रायझारन में अपने पहले वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़े 2023-24 की सफलतापूर्वक आयोजन की। इस कार्यक्रम ने सुरक्षित और टिकाऊ खनन वातावरण के प्रति जेएसपी के समर्पण को रेखांकित

किया। कृष्णेंदु मदल डीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र 1 और टी हरिप्रसाद डीडीएमएस भुवनेश्वर क्षेत्र 1 सहित गणमान्य व्यक्तियों के साथ डीके प्रधान ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कोयला खदान क्षेत्र का निरीक्षण करके और जेएसपी की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल और उत्कल-सी कोल ब्लॉक के सुरक्षा उपायों को प्रदर्शित करने वाले स्टालों का उद्घाटन करके उत्सव की शुरूआत की। आशीष पांडेय प्रमुख-कच्चा माल और नीरज कल्ला कोयला खदान के वीपी के नेतृत्व में उत्कल-सी कोयला ब्लॉक के अधिकारियों ने अपनी टीमों के साथ इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। कृष्णेंदु मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोयला ब्लॉक अधिकारियों द्वारा किये गये सराहनीय प्रयासों की सराहना की।

आशीष पांडे ने कहा कि जेएसपी के उत्कल-सी कोल ब्लॉक का पहला वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा अपने कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने और इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य करता है।

भारत भाषाओं और संस्कृति का धनी देश

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत बहुभाषी देश होते हुए भी अपनी एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाकर पूरे विश्व में मिसाल पेश करता है। वास्तव में भारत भाषाओं और संस्कृति का धनी देश है। भाषा भावों की वाहिका होती है, यह हमारे व्यवसाय वृद्धि में साधक है। हिंदी भारत की राजभाषा है और राजभाषा का कार्यान्वयन करना हम सभी का परम दायित्व है। पूरे भारत को एक भाषा के सूत्र में पिरोने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। हिंदी बहुत ही सरल, सुगम और मधुर भाषा है। इसे हम आसानी से समझ सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के सामने रख सकते हैं। हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएं व्यवसाय वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को जोड़ते हुए उन्हें बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दे रहे हैं। अपने देश की भाषा

में काम करना, राष्ट्र का सम्मान करना है क्योंकि अपनी भाषा अपना देश, देता है गौरव का संदेश । अपने देश की भाषा से ही हम देशवासियों के दिलों तक पहुंचकर उनकी समुचित सेवा प्रदान कर सकते हैं। भाषा हमारे व्यवसाय वृद्धि में साधक का कार्य करता है। उक्त बातें नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बालेश्वर के अध्यक्ष सुदीप डाकुआ ने बालेश्वर शहर स्थित सेलिब्रेशन्स हॉल में 18 जनवरी, 2024 को आयोजित नराकास, बालेश्वर की पांचवीं छमाही समीक्षा बैठक के दौरान सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों और राजभाषा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उल्लिखित कार्यक्रम का उद्घाटन नराकास, बालेश्वर के अध्यक्ष एवं सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों ने किया। अध्यक्ष महोदय सुदीप डाकुआ ने कहा कि राजभाषा नीति और नियम का अक्षरशः अनुपालन करना अनिवार्य है। नराकास के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं और इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति जागरूकता लायी जाये। नराकास, बालेश्वर राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में नित नयी ऊंचाईयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके लिये सभी सदस्य कार्यालयों का सहयोग अपेक्षित है। आपको बताते चलें कि नराकास, बालेश्वर का संयोजक कार्यालय यूको बैंक, अंचल कार्यालय, बालेश्वर है।

शिमिलिपाल से 23 देशी बंदूकें जब्त, आठ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बारीपदा शिमिलिपाल अभयारण्य से 23 और स्वदेशी बंदूकें जब्त की गयी। पुलिस ने पिछले दो महीनों में शिमिलिपाल अभयारण्य में तलाशी अभियान चलाया और बंदूक जब्त कर जानकारी दी। शुक्रवार को बारिपदा स्थित जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी एस ने जानकारी दी।

गौरतलब है कि शिमिलिपाल से सटे 9 पुलिस थानों के तहत आने वाले गांवों से 23 देशी बंदूकें भी जब्त की गयी हैं। आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

राहुल गांधी की सांसदी बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज

नयी दिल्ली। राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज हो गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल याचिका में 7 अगस्त 2023 को लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी किये गये उस नोटिफिकेशन को खारिज करने की मांग की थी, जिसके जरिए राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल की गई थी। याचिका में मांग की गयी थी कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगायी। राहुल गांधी को अभी तक आरोपों से बरी नहीं किया गया है। ऐसे में उनकी संसद सदस्यता बहाल करने वाले नोटिफिकेशन को खारिज किया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि ऐसी याचिका दायर होने से ना सिर्फ अदालत बल्कि रजिस्ट्री विभाग का भी कीमती समय बर्बाद होता है। इसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**